ISSN 0972-1002

श्रमण
ŚRAMAṆA

A Quarterly Research Journal of Jainology

Vol. LXIII No.IV October-December 2012

Caṇḍakauśika Pratibodha

Parshwanath Vidyapeeth, Varanasi
पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी
Established : 1937

श्रमण

ŚRAMAṆA

(Since 1949)

A Quarterly Research Journal of Jainology

Vol. LXIII No. IV October-December 2012

Joint Editor

Dr. Shriprakash Pandey

Parshwanath Vidyapeeth, Varanasi

(Established: 1937)

(Recognized by Banaras Hindu University as an External Research Centre)

ADVISORY BOARD

Dr. Shugan C. Jain
Chairman, New Delhi
Prof. Cromwell Crawford
Univ. of Hawaii
Prof. Anne Vallely
Univ. of Ottawa, Canada
Prof. Peter Flugel
SOAS, London
Prof. Christopher Key Chapple
Univ. of Loyola, USA
Prof. Ramjee Singh
Bheekhampur, Bhagalpur
Prof. Sagarmal Jain
Prachya Vidyapeeth, Shajapur
Prof. K.C. Sogani
Chittaranjan Marg, Jaipur
Prof. D.N. Bhargava
Bani Park, Jaipur
Prof. Prakash C. Jain
JNU, Delhi

EDITORIAL BOARD

Prof. M.N.P. Tiwari
B.H.U., Varanasi
Prof. K. K. Jain
B.H.U., Varanasi
Dr. A.P. Singh, Ballia
Prof. Gary L. Francione
New York, USA
Prof. Viney Jain,
Gurgaon
Prof. S. L. Jain, Varanasi

ISSN: 0972-1002

SUBSCRIPTION

Annual Membership	*Life Membership*
For Institutions : Rs. 500.00, $ 50	For Institutions : Rs. 5000.00, $ 250
For Individuals : Rs. 150.00, $ 30	For Individuals : Rs. 2000.00, $ 150

Per Issue Price : Rs. 50.00, $ 10

Membership fee & articles can be sent in favour of Parshwanath Vidyapeeth, I.T.I. Road, Karaundi, Varanasi-5

PUBLISHED BY

Shri Indrabhooti Barar, for Parshwanath Vidyapeeth, I. T. I. Road, Karaundi, Varanasi-221005, Ph. 0542-2575890

Email:
pvpvaranasi@gmail.com

NOTE: The facts and views expressed in the Journal are those of authors only. (पत्रिका में प्रकाशित तथ्य और विचार लेखक के अपने हैं।)

Theme of the Cover : Caṇḍakauśika Pratibodha Episode

Printed by- Mahaveer Press, Bhelupur, Varanasi

Contents

From Chairman's desk	**v-vi**
1. पूर्व मध्यकालीन राजस्थान में श्वेताम्बर सम्प्रदाय का विकास (परमार वंश के विशेष संदर्भ में) डॉ. रविशंकर गुप्ता	1-6
2. ज्ञान-ज्ञेय मीमांसा- जैनदर्शन का वैशिष्ट्य डॉ. अल्पना जैन	7-17
3. लोकानुप्रेक्षा में वास्तुविद्या सतेन्द्र कुमार जैन	18-37
4. तत्त्व विद्या के त्रिआयामी आधार–जीव, जगत् एवं उनका अन्तःसम्बन्ध डॉ. रामनेरश जैन	38-48
5. **WHO WERE THE ORIGINAL 'KṢATRIYAS'?** **Capt. Vimal Jain**	49-53
6. **BHAKTI IN JAIN TRADITION** **Dr. Kamini Gogri**	54-63
7. **JAIN PHILOSOPHY OF REALITY : A CRITICAL STUDY** **Dr. Samani Shashi Prajna**	64-87
स्थायी स्तम्भ	
पार्श्वनाथ विद्यापीठ समाचार	88-90
साहित्य-सत्कार	
पुस्तक-समीक्षा	91-92
साभार-प्राप्ति	93-94

Our Contributors

Dr. Ravi Shankar Gupta
Assistant Professor
Ganga Singh Mahavidyalaya, South Patkhauli
Maniyar, Baliya, (U.P.)

Dr. Alpana Jain (Senior Lecturer)
Department of Prakrit Language
Shri Lal Bahadur Shastri Sanskrit Vidyapeeth, New Delhi

Satendra Kumar Jain
C/O Shri Jitendra Kumar Jain
66/179, V.T. Road, Mansarovar, Jaipur (Raj.)

Dr. Ramnaresh Jain
Senior Reaserch Associate
Sanskrit & Prakrit Department
Jain Vishwa Bharati University, Ladnun. (Raj.)

Gp. Capt. V. K. Jain (Rtd.)
572, Asiad Village
New Delhi-110049

Dr. Kamini Gogri
Co-ordinator Jainology, Indian Aesthetics, Communal Harmony
and Social Peace, Department of Philosophy
University of Mumbai - 400019 (Mah.)

Dr. Samani Shashi Prajna
Assistant Professor
Department of Jainology, Comparative Philosophy & Religion
Jain Vishwa Bharati University, Ladanun (Raj.)

From Chairman's desk

The cover picture of this issue depicts '**The Caṇḍakauśika-Pratibodha Episode.**' This very episode is based on a story of Caṇḍakauśika, who in previous birth was a monk died in a fit of anger and was born as Cobra in his present life. He was so dangerous that anything coming within the sphere of his vision succumbed to death due to the extremely poisonous nature of the venom he emitted. Therefore no one dared to cross the forest which was its habitat. Bhagavāna Mahāvīra knew this by His divine knowledge. Thus to enlighten Caṇḍakauśika by His universal love and make the residents of the area fearless, He entered the forest and stood motionless in meditation near the place where Caṇḍakauśika resided. The proud Caṇḍakauśika (the king-cobra) hissing blind with rage bit him on His toe. But milk-like blood started flowing from the toe of Mahāvīra. Bhagavāna cast a gentle glance and said, 'O Caṇḍakauśika! Try to be enlightened and attain peace of mind.' The words had magic effect and Caṇḍakauśika repenting on his past sins renounced violence.

I am happy to present this issue of *Śramaṇa* in time. Also I am glad to inform you that we are now getting a regular flow of articles from Jain scholars for publication in *Śramaṇa*. To further encourage the scholars to write topical papers, we have planned to bring out four issues of *Śramaṇa* in 2013, each dedicated to a specific area of academic interest (theme based) namely Jain History, Society and Culture, Philosophy, Ethics and applications to modern day life. The request has been sent to concerned scholars inviting their articles. The same is again included in this issue of *Śramaṇa* for your perusal. I again request to those scholars who have not yet sent their articles for the proposed volumes.

I am also glad to inform you that Parshwanath Vidyapeeth and International School for Jain Studies (ISJS) who are committed to promote Jain studies, are now offering a unique opportunity to scholars globally to utilize the excellent facilities of Parshwanath Vidyapeeth for their research work. An announcement to this effect is also presented in this issue. Also we are planning to start a Working Papers journal for scholars to write their papers and have them published in this journal prior to their printing in *Śramaṇa*. Please do give your esteemed comments about the papers published in *Śramaṇa* as well as ideas to enhance its utility.

Shugan C. Jain
Chairman, Advisory Board, Śramaṇa

पूर्व मध्यकालीन राजस्थान में श्वेताम्बर सम्प्रदाय का विकास

(परमार वंश के विशेष संदर्भ में)

डॉ0 रविशंकर गुप्ता

*पूर्व मध्यकालीन राजस्थान में पोषित धर्मों में जैन धर्म का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। उस काल-क्रम में प्राप्त विभिन्न अभिलेख, शिलालेख और साहित्यिक साक्ष्यों से पता चलता है कि जैनधर्म के विकास में राजपूत राजाओं, विशेषकर परमार वंश के शासकों का अभूतपूर्व योगदान था। विद्वान् लेखक ने पुष्ट प्रमाणों के आधार पर पूर्व मध्यकालीन राजस्थान में श्वेताम्बर सम्प्रदाय के विकास को रेखांकित करने का प्रयास किया है। -**सम्पादक***

राजस्थान की सांस्कृतिक धारा में जैन धर्म एक महत्त्वपूर्ण क्रियाशील धार्मिक शक्ति रहा है। जैन धर्म की परम्पराओं, प्राचीन अभिलेखों और साहित्यिक प्रमाणों से ज्ञात होता है कि राजस्थान प्रदेश में जैन धर्म व्यापक रूप से प्रचलित था। पूर्व मध्य काल को हम राजपूत काल के नाम से भी जानते हैं। इस काल में राजपूतों के उत्कर्ष से ही इस भू-प्रदेश में जैन मत बहुत समृद्ध और लोकप्रिय हुआ। यद्यपि किसी राजपूत राजा के जैन मतावलम्बी होने का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं है, लेकिन किसी जैन मत विरोधी शासक का उल्लेख भी प्राप्त नहीं होता है। मूलत: शैव या वैष्णव धर्म के अनुयायी होते हुए भी, विभिन्न राजपूत शासक धर्म-सहिष्णु और जैन मत के उदार संरक्षक थे। 'श्वेताम्बर सम्प्रदाय' जैन धर्म का एक प्रमुख भेद है जिसने देशकाल और परिस्थितियों के अनुसार जैन धर्म के नियमों और विधि-विधानों को प्रासंगिक बनाकर अपने अनुयायियों में लागू किया।

राजस्थान के राजपूत राजाओं में परमार वंश के राजा अपनी वीरता और धार्मिक सहिष्णुता के लिए जाने जाते हैं। परमार शासकों ने श्वेताम्बर सम्प्रदाय की उन्नति में अत्यधिक योगदान दिया था। परमार वंश की कई शाखाएं अस्तित्व में थीं। उनमें से एक शाखा चन्द्रावती में स्थापित हुई जिसे हम चन्द्रावती और अर्बुद परमार के रूप में जानते हैं। इस वंश का पहला ऐतिहासिक व्यक्ति कृष्णदेव अथवा कन्हदेव था।[1] एक अभिलेख[2] से हमें सूचना मिलती है कि राजा कृष्णदेव कृष्णराज के रूप में भी जाना जाता है। वह श्वेताम्बर सम्प्रदाय के प्रति उदार

भाव रखता था। यह अभिलेख तीर्थंकर शांतिनाथ के मन्दिर में एक स्तम्भ पर उत्कीर्ण है। यह मंदिर सिरोही क्षेत्र के माउण्ट आबू के निकट दियाणा गांव में स्थित है। ऐतिहासिक दृष्टि से दियाणा का यह अभिलेख महत्त्वपूर्ण है। यह कृष्णराज परमार का समय निश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण स्रोत है। कृष्णराज आबू के परमार राजवंश में उत्पलराज का पौत्र एवं अरण्यराज का पुत्र था। दियाणा अभिलेख पर 967 ई0 की तिथि अंकित है। इस अभिलेख में महावीर की मूर्ति की स्थापना हुई है।[3]

धरणीवराह 995 ई0 में कृष्णराज का उत्तराधिकारी बना। आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार धरणीवराह का सम्बन्ध मूलराज से था। अनेक युद्धों में दोनों साथ-साथ शामिल थे। उसके पश्चात् राजा महिपाल उर्फ देवराज 1002 ई0 में राज सिंहासन पर बैठा। कालान्तर में धन्धुक उसका उत्तराधिकारी हुआ। धन्धुक, चौलुक्य राजा भीम प्रथम द्वारा पराजित हुआ। उसने धारा के राजा भोज के यहाँ शरण लिया। यह उल्लेख एक शिलालेख में हुआ है।[4] कुछ अभिलेख माउण्टआबू के विमल मन्दिर से मिले हैं। अभिलेखों की तिथि 1321 है। अभिलेखों से सूचना मिलती है कि राजा भीम प्रथम के दण्डपति प्राग्वाट विमल ने इस नए क्षेत्र का शासन सूत्र सम्भाला। दण्डपति ने 1031 ई0 में पर्वत के शिखर पर ऋषभदेव के मन्दिर का निर्माण कराया था। अभिलेख यह सूचना देता है कि परमारों को हमेशा के लिए अर्बुद क्षेत्र से निकाला नहीं जा सका। कालान्तर में वे चौलुक्य राजाओं के तालुकेदार के रूप में शासन किए।

धारावर्ष चौलुक्य राजा कुमारपाल का तालुकेदार था। उसके मन में श्वेताम्बर सम्प्रदाय के प्रति अगाध भक्ति थी। झाड़ोली के महावीर जैन मन्दिर के 1197 ई0 के शिलालेख[5] से ज्ञात होता है कि परमार राजा धारावर्ष की रानी श्रृंगार देवी ने मन्दिर निर्माण हेतु भूमि दान दी थी। कासिन्द्रा के जैन मन्दिर के 1034 ई0 के लेख में भीनमाल की समृद्धि और प्राग्वाट वैश्यों के बाहुल्य का उल्लेख है।[6] सिरोही जिले के आरासन नामक स्थान से एक अभिलेख मिला है। यह अभिलेख मण्डलेश्वर श्री धारावर्ष के शासन काल का है। इसकी तिथि 1219 ई0 निश्चित है। इसमें तीर्थंकर सुमतिनाथ की प्रतिमा की स्थापना की सूचना मिलती है। जैन ग्रंथ ज्ञाताधर्मकथा तथा रत्नचूड़कथा का पुनर्लेखन कार्य राजा धारावर्ष के शासन काल में 1164 ई0 में सम्पन्न हुआ।[7] राजा धारावर्ष का उत्तराधिकारी उसका अनुज प्रहलादन देव हुआ। प्रहलादन देव भी श्वेताम्बर सम्प्रदाय के प्रति उदार था। प्रबंधकोश तथा पुरातनप्रबंधसंग्रह से सूचना मिलती है कि प्रहलादनदेव चौलुक्य राजा कुमारपाल के साथ धार्मिक यात्राएँ किया था।[8]

परमार वंश की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण शाखा मालवा में शासन कर रही थी। इसकी राजधानी धारा नगरी थी। मालवा के परमार शासकों ने भी जैन धर्म के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के प्रति सहिष्णु दृष्टिकोण अपनाया। इस वंश का पहला ऐतिहासिक व्यक्ति वैरिसिंह था। यह वज्रट् स्वामी भी कहलाता था।[9] वैरिसिंह का उत्तराधिकारी सीयक हुआ। सम्भवतः सीयक ने अपने राज्य में जैन कवि धनपाल को संरक्षण दिया। धनपाल ने 972 ई0 में अपना काव्यग्रंथ 'पायक्षीमल' को पूरा किया।

सीयक के पश्चात् उसका पुत्र वाक्पतिराज 'मुंज' 973 ई0 में परमार राजगद्दी का उत्तराधिकारी हुआ।[10] मुंजराज सीयक का औरस पुत्र न होकर पाल्य पुत्र था। लगता है कि मुंजराज नाम की व्याख्या करने के उद्देश्य से यह अनुश्रुति प्रचलित हो गयी कि मुंजों के झुरमुट में फेंके हुए नवजात शिशु को सिंहदन्तभट्ट अर्थात् सीयक ने देखा और स्वयं अपुत्रक होने के नाते उसे उठा लिया, अपनी पुत्र पिपासा शान्त करने के लिए उसे प्रेम से पाला-पोसा और अन्त में अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया।[11] मुंज के दरबार में प्रसिद्ध कवि धनपाल ने संरक्षण पाया। धनपाल द्वारा रचित 'तिलकमंजरी' में उल्लेख है कि राजा मुंज ने इस कवि को 'सरस्वती' नामक उपाधि प्रदान किया था।[12] 'तिलकमंजरी' में परमार वंश की उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है। यहाँ उनकी उत्पत्ति वशिष्ठ के आबू के यज्ञ कुण्ड से बताई गई है।[13] मुंज के दरबार में अन्य कवियों ने भी राजाश्रय प्राप्त किया। इनमें अमितगति ने 'सुभाषित रत्न संदोह', पद्मगुप्त ने 'नवसाहसांक चरित' की रचना की। धनपाल का छोटा भाई शोभन भी मुंज के दरबार में रहता था। उसने 'चतुर्विंशिका स्तुति' नामक ग्रंथ की रचना की थी।[14] धनपाल का निधन सम्भवतः 994-97 ई0 में हुआ।[15] इसके पश्चात् सिन्धुराज राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। सिन्धुराज ने अल्पकाल तक शासन किया तत्पश्चात् भोज सत्तासीन हुआ।

भोज परमार वंश का अत्यन्त प्रतिभाशाली शासक था। विभिन्न प्रमाणों के आधार पर डॉ0 विशुद्धानन्द पाठक इसके राज्यारोहण की तिथि 1010 ई0 स्वीकार करते हैं।[16] वह अनेक विद्वानों का आश्रयदाता भी था। कवि धनपाल प्रारम्भ से ही उसके दरबार में रहा। धनपाल ने राजा भोज को प्रसन्न करने के लिए 'तिलकमंजरी' की रचना किया।[17] राजा भोज स्वयं भी एक महान् विद्वान् था तथा उसने विभिन्न विषयों पर दो दर्जन ग्रंथों की रचना की। वह एक सहिष्णु राजा था। वह जैन आचार्यों के प्रति पूर्ण श्रद्धा रखता था। एक अभिलेख से सूचना मिलती है कि राजा भोज जैन साधु प्रभाचन्द्र के चरणों की पूजा करता था।[18]

एक अन्य अभिलेख से ज्ञात होता है कि जैन उपदेशक शांतिसेन ने राजा भोज के दरबार के उन सभी विद्वानों को शास्त्रार्थ में परास्त किया था जो जैन उपदेशों को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते थे।[19] राजा भोज तथा जैन कवि ध नपाल के बीच में विभिन्न धार्मिक विषयों पर होने वाले वार्त्तालापों का विवरण मिलता है।[20]

राजा भोज के बाद परमार वंश का प्राचीन गौरव नष्ट होने लगा। अन्त में परमार वंश का राज्य चौलुक्य साम्राज्य के अधीनस्थ हो गया। यह कार्य चौलुक्य राजा जयसिंह सिद्धराज के शासनकाल में सम्भवत: 12वीं शताब्दी के अन्त में हुआ। चौलुक्य राजा कुमारपाल के समकालीन बल्लाल का शासन अवन्ति (मालवा) राज्य पर था।[21] कई साक्ष्य कुमारपाल की ओर से बल्लाल को मार डालने का दावा करते हैं। वडनगर प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि मालवराज का सिर कुमारपाल के महल के दरवाजे पर टांग दिया गया।[22] भोज के उत्तराधिकारी परमारों के प्राचीन गौरव की रक्षा नहीं कर सके। भोज की मृत्यु (1055 ई0) के बाद परमार राज्य आन्तरिक संघर्षों और बाहरी आक्रमणों का शिकार होने लगा।[23] परमार वंश के अन्तिम समय के कुछ राजाओं के नाम मिलते हैं। विन्ध्यवर्मन 1175ई0-1194ई0 में मालवा पर पुन: विजय कर परमार सत्ता को पुनर्जीवित किया।[24] समुद्रवर्मन एवं अर्जुनवर्मन भी भोज की परम्परा में आते हैं। इन्होंने विद्वानों को दरबार में आने के लिए प्रेरित किया। जैन कवि आशाधर इनके दरबार में रहते थे। 'पारिजात मंजरी' से ज्ञात होता है कि आशाधर नालकच्छपुर में निवास करते थे। अर्जुन वर्मन के उत्तराधिकारी देवपाल के शासन काल में अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'जिनयज्ञकल्प' को पूर्ण किया। देवपाल के उत्तराधिकारी जयतुगी देव के शासनकाल में अपने दो ग्रंथों -'सागारधर्मामृत' तथा 'अनगार धर्मामृत' की रचना किया। उसने जैन धर्म पर आधारित एक अन्य ग्रंथ 'कर्मविपाकतिका' की रचना नालकच्छपुर में 1238 ई0 में किया। यह स्थान महान् विद्यापीठ के रूप में प्रसिद्ध हुआ। इसने अनेक जैन विद्वानों को अपनी ओर आकृष्ट किया।[25]

मालवा के परमार शासकों में एक नाम नरवर्मन का मिलता है। वह शैव धर्म का अनुयायी होते हुए भी जैन धर्म के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के प्रति अत्यन्त श्रद्धालु था। जैन आचार्य जिनवल्लभ सूरि के प्रति वह काफी आस्थावान था। खरतरगच्छ की परम्परा से ज्ञात होता है कि नरवर्मन के दरबार में दो दक्षिणात्य ब्राह्मण एक समस्या के समाधान हेतु मालवा आए थे। मालवा के विद्वान् उस समस्या का सन्तोषप्रद हल नहीं निकाल सके। अत: राजा ने उन ब्राह्मणों को जिनवल्लभ सूरि

के पास चित्तौड़ भेज दिया, जिन्होंने तुरन्त सन्तोषप्रद हल निकाल दिया। जब जिनवल्लभ सूरि मालवा नगरी आए तो राजा नरवर्मन ने उनको राजमहल में आमंत्रित किया तथा उनके धार्मिक प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना। राजा उनकी विद्वत्ता से इतना प्रसन्न हुआ कि आचार्य को तीन गाँव या 30 हजार द्रमदान देने की इच्छा व्यक्त की, किन्तु आचार्य ने इनमें से किसी को स्वीकार नहीं किया। सूरि जी के उपदेशों से प्रभावित होकर नरवर्मन ने चित्तौड़ की मंडपिका से वहाँ के खरतरगच्छ के मन्दिरों के देखभाल के लिए प्रतिदिन दो द्रम दिए जाने के आदेश दिए।[26]

श्वेताम्बर सम्प्रदाय के प्रति वागड़ शाखा भी समर्पित थी। अर्थूणा के जैन मन्दिर की 1109ई0 की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि इस समय वागड़ क्षेत्र परमारों के अधीन था।[27] यह अभिलेख माण्डलिक चामुण्डराज तथा उसके पुत्र विजयराज के बारे में बताता है। अभिलेख में एक जैन मन्दिर के बारे में वर्णन है। इस जैन मन्दिर की स्थापना 1109ई0 में अर्थूणा नामक नगर में हुई थी। इस अभिलेख में तलपाटक नामक नगर में निवास करने वाले एक जैन परिवार का सविस्तार वर्णन है। इस परिवार के वंशजों ने ऋषभनाथ के मन्दिर का निर्माण कराया था। इस परिवार का एक सदस्य 'पाहुक' शास्त्रों के ज्ञान में निपुण था।[28] बाद में वह एक संन्यासी हो गया। राजपूताना म्यूजियम के एक मूर्तिलेख (994ई0) में 'जयति श्री वागट संघ' उल्लिखित है।[29] इस प्रकार दसवीं शताब्दी में वागड़ क्षेत्र में श्वेताम्बर सम्प्रदाय का काफी प्रचार था।

परमार वंश की एक शाखा किराडु हुई थी। यह राजस्थान के जोधपुर में स्थित थी। एक अभिलेख से सूचना मिलती है कि इस वंश का अन्तिम राजा सोमेश्वर परमार था, जो चौलुक्य कुमारपाल के अधीन तालुकेदार था।[30] अभिलेख के प्रारम्भ में 'ओम् नमः सर्वज्ञः' उत्कीर्ण है। इसी कारण कुछ लोग इसे जैन अभिलेख बताते हैं लेकिन यह प्रमाणित नहीं है। कुमारपाल जैन धर्म के भद्र एवं अनुयायी राजा के रूप में जाना जाता था। चूँकि सोमेश्वर राजा कुमारपाल के अधीनस्थ था, अतः वह अपने राजा के विपरीत भाव जैन धर्म के प्रति नहीं रखता होगा। यही बात परमार वंश के अन्य राजाओं के बारे में भी सत्य प्रतीत होती है क्योंकि वे सभी चौलुक्य सम्राट के अधीनस्थ शासक थे।

उपर्युक्त विवरण परमारकालीन राजस्थान में श्वेताम्बर सम्प्रदाय की विकासमान स्थिति को दर्शाते हैं।

सन्दर्भ :

1. पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज (डॉ0 गुलाब चन्द्र चौधरी, सोहनलाल जैन धर्म प्रचारक समिति, अमृतसर, 1963), पृ0 186-187
2. अर्बुद प्राचीन जैन लेख संग्रह, भाग-5, पृ0 168
3. विष्थित कुले गोष्ट्ठया श्री वर्द्धमानस्य कारितम सुरूपम् मुद्रया बिम्बम् कृष्णराजे महिपते।
4. एपिग्राफिका इण्डिका, भाग-9, पृ0 148-158
5. अर्बुदांचल प्रदक्षिणा जैन लेख संदोह, क्र0 311
6. श्री जैन तीर्थ सर्वसंग्रह, भाग-1, खण्ड-2, पृ0 261
7. पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज, पृ0 191-192
8. पूर्वोक्त, पृ0 193
9. उत्तर भारत का राजनीतिक इतिहास : डॉ0 विशुद्धानन्द पाठक, उ0प्र0 हिंदी संस्थान, लखनऊ,1982, पृ0 562
10. पूर्वोक्त, पृ0 566
11. पूर्वोक्त, पृ0 567
12. पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज, पृ0 88।
13. तिलकमंजरी पद्य - 39
14. उत्तर भारत का राजनीतिक इतिहास, पृ0 574
15. पूर्वोक्त, पृ0 573
16. पूर्वोक्त, पृ0 580
17. पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज, पृ0 88
18. पूर्वोक्त, पृ0 107
19. एपिग्राफिका इण्डिका, भाग-2, पृ0 239
20. पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज, पृ0 108।
21. पूर्वोक्त, पृ0 113
22. उत्तर भारत का राजनीतिक इतिहास, पृ0 534
23. पूवोक्त, पृ0 597
24. पूर्वोक्त, पृ0 606
25. पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज, पृ0 118
26. खरतरगच्छबृहद्गुर्वावली, पृ0 13
27. बॉसवाड़ा राज्य का इतिहास, जी0 एच0 ओझा, अजमेर, 1937, पृ0 35
28. वही, करण-चरण रूपानेक-शास्त्र प्रवीण:
29. डूंगरपुर राज्य का इतिहास, पृ0 1
30. अर्बुद प्राचीन जैन लेख संग्रह, भाग-1, पृ0 251-253

****

ज्ञान-ज्ञेय मीमांसा - जैनदर्शन का वैशिष्ट्य

डॉ. अल्पना जैन

जैनदर्शन के अनुसार ज्ञान एवं ज्ञेय दोनों अपने-अपने स्वरूप में परिपूर्ण होने के कारण निरपेक्ष हैं। ज्ञान स्वयं के साथ-साथ पर को भी प्रकाशित करता है। इस सन्दर्भ में प्रमा (यथार्थ ज्ञान) की व्याख्या करते हुए जैनदर्शन यह मानता है कि वस्तुमात्र में प्रमेयत्व नामक एक सामान्य गुण होता है जिसके कारण वह प्रमा का विषय बनती है। यदि इसमें यह सामान्य गुण न हो तो कथमपि उसका ज्ञान सम्भव नहीं है। ज्ञान सत्, सहेतुक, निरपेक्ष और स्वतन्त्र सत्ता वाला होता है। उसकी सत्ता ज्ञेयों के अधीन नहीं है। जैनदर्शन की इसी विशिष्ट प्रस्तुति अर्थात् वस्तु की अस्तित्वात्मक, क्रियात्मक एवं ज्ञानात्मक स्वतंत्रता को लेखक ने अपने लेख में व्याख्यायित करने का प्रयास किया है। ***-सम्पादक***

जैनदर्शन में मान्य ज्ञान-ज्ञेय मीमांसा विश्व में विद्यमान जड़ चेतनात्मक पदार्थों की स्वतंत्रता को अपने नूतन स्वरूप में प्रस्तुत करती है। सामान्यतः दार्शनिक चिंतन में यह माना जाता है कि कोई भी वस्तु पूर्ण अथवा चरम स्वतंत्रता तभी प्राप्त करती है जब उसमें अस्तित्वात्मक, क्रियात्मक व ज्ञानात्मक स्वतंत्रता हो। अस्तित्वात्मक व क्रियात्मक स्वतंत्रता प्रायः समस्त जड़-चेतन वस्तुओं में स्वीकार कर ली जाती है, किन्तु जब ज्ञानात्मक स्वतंत्रता की बात उठती है तो वह केवल चेतन जगत् तक ही सीमित रह जाती है। दार्शनिक जगत् में ज्ञानात्मक स्वतंत्रता वैसी सत्ता पर लागू की जा सकती है जो स्वयं प्रकाश अथवा स्वसंवेद्य हो। इस दृष्टि से संसार की वस्तुओं को तीन भागों में बांटा जा सकता है। पहले वर्ग में जड़ पदार्थ जो अपने ज्ञान के लिए ज्ञाता पर निर्भर करते हैं, दूसरे वर्ग में चेतन पदार्थ जो दूसरे को जानने के साथ-साथ स्वयं के ज्ञान से भी युक्त होते हैं; एवं तीसरा वर्ग स्वयं प्रकाश तत्त्व का हो सकता है, उदाहरणार्थ- अद्वैत वेदान्त में आत्मा और बौद्ध दर्शन में विज्ञान ऐसा ही तत्त्व है। अब यदि जैनदर्शन की दृष्टि से ज्ञानात्मक स्वतंत्रता पर विचार किया जाये तो चेतन द्रव्यों को तो ज्ञानात्मक स्वतंत्रता प्रदान की जा सकती है, क्योंकि उन्हें स्व-पर प्रकाशक माना गया है, फिर भी जड़ वस्तुओं में ऐसी स्वतंत्रता संभव नहीं दिखाई देती है, परन्तु जैनदर्शन की यहाँ एक अपूर्व विशिष्टता दृष्टिगोचर होती है वह यह है कि वह वस्तुमात्र में 'प्रमेयत्व' नामक सामान्य गुण की सत्ता को स्वीकार करता है।[1] प्रमेयत्व गुण के कारण ही अचेतन वस्तुओं में भी ज्ञानात्मक स्वतंत्रता निहित हो जाती है। वह इस प्रकार है कि अचेतन वस्तुयें यद्यपि स्वयं प्रकाशमान नहीं होतीं

लेकिन वे किसी चेतन तत्त्व के कारण भी प्रकाशित नहीं होती हैं। यदि उनमें अन्तर्निहित प्रमेयत्व या ज्ञेयत्व गुण को स्वीकार न किया जाये तो चेतन तत्त्व की विद्यमानता में भी वे प्रकाशित नहीं हो सकती हैं। अतः वस्तुमात्र में ज्ञेय बनने की जो सामर्थ्य है वही उनकी ज्ञानात्मक स्वतंत्रता है। विश्व की समस्त जड़-चेतनात्मक वस्तुयें अपने स्वसामर्थ्य से प्रकाशमान होती हैं या अन्य को प्रकाशित करती हैं, उनकी सत्ता अन्य किसी के ज्ञान पर निर्भर नहीं है। यहाँ पर हम उक्त विषय के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक विचार करेंगे-

विश्व में विद्यमान छः द्रव्यों में से एक जीव द्रव्य को छोड़कर शेष पाँच द्रव्य अचेतन अर्थात् अजीव हैं। जीव द्रव्य में पाया जाने वाला 'ज्ञानगुण' उसकी ऐसी विशेषता है जो उसे अन्य द्रव्यों से तथा अपने में ही पाये जाने वाले अन्य गुणों से पृथक् सिद्ध करती है।

लोक में भी किसी एक विशेषता की अपेक्षा से किसी व्यक्ति को सम्बोधित करने की पद्धति है जो उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व कर सके, जैसे- किसी व्यक्ति को न्यायाधीश के नाम से सम्बोधित करते हैं। न्यायाधीशत्व उसकी ऐसी विशेषता है जिससे वह सब मनुष्यों से भिन्न पहचाना जाता है, यद्यपि उसमें अन्य सामान्य मनुष्यों जैसी व्यक्तिगत अपनी अनेक विशेषतायें भी हैं वह केवल न्यायाधीश ही नहीं है, किन्तु न्यायाधीश संज्ञा में उसका सम्पूर्ण सामान्य-विशेष व्यक्तित्व गर्भित हो जाता है अर्थात् वह व्यक्ति जितना कुछ है वह सब न्यायाधीशत्व में समाविष्ट है। इसी प्रकार ज्ञान आत्मा (जीव) के अनंत गुण धर्मों के समान यद्यपि जीव का एक गुण विशेष ही है, किन्तु उसके बिना जीव को पहचाना ही नहीं जा सकता। ज्ञान का व्यापार प्रगट अनुभव में आता है। ज्ञान न केवल आत्मा वरन् जगत् के अस्तित्व की सिद्धि करता है। ज्ञान ही आत्मा का सर्वस्व है उसके बिना विश्व में आत्मसंज्ञक किसी चेतन तत्त्व की कल्पना ही व्यर्थ है, इसी कारण आचार्य कुन्दकुन्द ने समयसार में आत्मा को 'ज्ञान मात्र' ही कहा है।[2]

ज्ञान का स्वरूप -ज्ञान का स्वभाव वस्तु का सर्वांग प्रतिभासन करना है, क्योंकि स्वभाव असहाय, अकृत्रिम एवं निरपेक्ष होता है। ज्ञान भी जगत् से पूर्ण निरपेक्ष एवं असहाय रहकर अपने जानने का व्यापार करता रहता है, अपने जानने के कार्य के संपादन हेतु उसे जगत् से कुछ भी आदान-प्रदान नहीं करना पड़ता है। ज्ञान का स्वभाव दर्पणवत है जिस प्रकार कि दर्पण अपने स्वच्छ स्वभाव से वस्तुओं को प्रतिबिम्बित करता है। दर्पण में वस्तुओं के अनेक आकार-प्रकार

बनते व बिगड़ते रहते हैं, किन्तु दर्पण प्रत्येक परिवर्तन में अप्रभावित रहता है साथ ही उन आकार-प्रकारों से दर्पण की स्वच्छता को आंच नहीं आती है। उदाहरणार्थ- दर्पण में अग्नि प्रतिबिम्बित होती है किन्तु अग्नि के प्रतिबिम्ब से न तो दर्पण गर्म होता है और न ही टूटता है क्योंकि दर्पण में जो अग्नि दिखाई देती है वह दर्पण की स्वच्छता के कारण प्रतिबिम्बित होती है अथवा दर्पण के अपने प्रकाशत्व स्वभाव के कारण दिखाई देती है। दर्पण में प्रतिबिम्बित अग्नि की रचना के नियामक उपादान दर्पण के अपने स्वतंत्र हैं। वस्तुतः दर्पण के स्वच्छ स्वभाव में यदि अग्न्याकार परिणमन की शक्ति की योग्यता न हो तो सारा विश्व मिलकर भी उसे अग्न्याकार नहीं कर सकता और यदि स्वयं दर्पण में अग्न्याकार होने की शक्ति व योग्यता है तो फिर उसे अग्नि की क्या अपेक्षा है।[3]

'उक्तं च 'जो शक्तिशून्य है उसे शक्ति नहीं दी जा सकती और जो शक्तिमय है उसे अपनी शक्ति के प्रयोग में किसी की अपेक्षा नहीं होती।'[4] यदि दर्पण में प्रतिबिम्बित अग्नि का कारण बाह्य अग्नि है तो पाषाण में भी अग्नि प्रतिबिम्बित होनी चाहिए, किन्तु ऐसा नहीं होता। अग्नि की रचना की सम्पूर्ण सामग्री दर्पण के अपने अक्षय कोश में ही पड़ी है उसे किसी से कुछ उधार नहीं लेना पड़ता। यह ज्ञान का अपना अद्‌भुत स्व-पर प्रकाशक सामर्थ्य है जिसके कारण जो बाह्य ज्ञेय ज्ञान में प्रतिबिम्बित होता है वह स्वयं उसके प्रकाशत्व सामर्थ्य के कारण प्रतिबिम्बित होता है ज्ञेय के कारण नहीं। जैसे-सूर्य जगत् को प्रकाशित अथवा स्वयं को प्रकाशित करे दोनों अवस्थाओं में वह प्रकाशमय ही है और दोनों अवस्थायें एक साथ ही हैं, उसी प्रकार ज्ञान भी स्व व पर प्रकाशक है तथा दोनों अवस्थाएँ ज्ञान ही हैं।

ज्ञेय का स्वरूप - जिस प्रकार ज्ञान (पर की अपेक्षा से रहित) निरपेक्ष होकर वस्तु का अवलोकन करता है, उसी प्रकार ज्ञेय भी (जिसमें जड़ व चेतन समस्त वस्तुयें सम्मिलित हैं) अपने में निहित प्रमेयत्व गुण की शक्ति के कारण अर्थात् ज्ञान का ज्ञेय बनने के सामर्थ्य के कारण सहज ही ज्ञान का विषय बन जाता है। अतः ज्ञेय स्वयं अपनी शक्ति सामर्थ्य के कारण ज्ञान का विषय बनता है उसे अपने का अवलोकन कराने (जनाने) के लिए ज्ञान की आवश्यकता नहीं। इस प्रकार जड़ ज्ञेय वस्तुयें भी अपनी प्रमेयत्व शक्ति की धारक होने के कारण सहज ही ज्ञान का विषय बनती हैं। अतः अचेतन वस्तुयें भी पूर्ण स्वाधीन एवं स्वतंत्र हैं। जड़ वस्तु में ज्ञान में झलकने का सामर्थ्य है और ज्ञान में उन्हें झलकाने का स्वतंत्र सामर्थ्य है। ऐसी वस्तु की अपनी अद्‌भुत व स्वतंत्र व्यवस्था है।

ज्ञान व ज्ञेय में अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध का अभाव - जैनदर्शन ज्ञान व ज्ञेय में अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध का निषेध करता है, क्योंकि उसकी मान्यता है कि यह आवश्यक नहीं है कि ज्ञेय के होने पर ही ज्ञान हो और ज्ञेय के अभाव में ज्ञान न हो। इसी तरह ज्ञेय जैसा ज्ञान हो यह भी जरूरी नहीं है। आचार्य माणिक्यनन्दी ने इस सन्दर्भ में अपने न्यायग्रंथ ''परीक्षामुखसूत्र'' में पदार्थ अर्थात् ज्ञेय और प्रकाश ये ज्ञान के कारण हैं, इस सम्बन्ध का निषेध करते हुए युक्ति दी है कि- ''पदार्थ और प्रकाश ज्ञान के कारण नहीं, क्योंकि ज्ञान का पदार्थ और प्रकाश के साथ अन्वय व्यतिरेक रूप संबंध का अभाव है। जैसे केश अर्थात् बालों में भ्रम से होने वाले मच्छर ज्ञान के साथ तथा नक्तंचर अर्थात् रात्रि में चलने वाले उल्लू आदि को रात्रि में होने वाले ज्ञान के साथ देखा जाता है अर्थात् किसी पुरुष के उड़ते हुये केशों (बालों) में मच्छर का भ्रम एवं उल्लू को अंधकार में भी दिखाई देना यह बतलाता है कि पदार्थ व प्रकाश ज्ञान के कारण नहीं है।''[5] पदार्थ और प्रकाश ज्ञान के विषय हैं, जो विषय होता है, वह पदार्थ को उत्पन्न नहीं करता, बल्कि ज्ञान के द्वारा जाना जाता है।

यदि ज्ञेय के कारण ज्ञान हो तो आकाश में गमन करना हुआ हवाई जहाज एवं एयरपोर्ट पर स्थित हवाई जहाज समान दिखाई देना चाहिए, पर ऐसा नहीं होता। अथवा आकाश में उड़ती हुई पतंग में कबूतर का भ्रम नहीं होना चाहिए।

इसी ग्रन्थ में आचार्य ज्ञान की अर्थजन्यता और अर्थकारकता का खण्डन करते हुए कहतें हैं कि पदार्थ से उत्पन्न नहीं होकर भी ज्ञान पदार्थ का प्रकाशक होता है- दीपक के समान। जैस-दीपक पदार्थ को मात्र प्रकाशित करता है, उत्पन्न नहीं करता।[6] कहा भी गया है- ''आत्मा ज्ञान प्रमाण है, ज्ञान ज्ञेय प्रमाण है, ज्ञेय लोकालोक है इसलिए ज्ञान सर्वगत है- सर्वव्यापक है।''[7]

आचार्य अमृतचन्द्र प्रवचनसार की तत्त्वप्रदीपिका टीका में कहते हैं कि ''आत्मा (ज्ञान) और पदार्थ स्वलक्षणभूत पृथक्त्व (पृथक्-पृथक्) होने के कारण एक दूसरे में नहीं वर्तते, परन्तु उनमें मात्र नेत्र और रूपी पदार्थ की भाँति ज्ञान-ज्ञेय स्वभाव सम्बन्ध होने से एक दूसरे में प्रवृत्ति पायी जाती है। जैस-नेत्र और उसके विषयभूत रूपी पदार्थ परस्पर प्रवेश किये बिना ही ज्ञेयाकारों को ग्रहण और समर्पण करने के स्वभाव वाले हैं उसी प्रकार आत्मा और पदार्थ एक-दूसरे में प्रविष्ट हुए बिना ही समस्त ज्ञेयाकारों के ग्रहण और समर्पण के स्वभाव वाले हैं।''[8]

जिस प्रकार आँख रूपवान पदार्थों में प्रवेश नहीं करती और रूपी पदार्थ आँख में प्रवेश नहीं करते तो भी आँख रूपी पदार्थों के ज्ञेयाकारों को जानने के स्वभाव

वाली है और रूपी पदार्थ स्वयं जानने में आने के स्वभाव वाले हैं उसी प्रकार आत्मा समस्त ज्ञेयाकारों को जानने के स्वभाव वाला है और पदार्थ स्वयं ज्ञेयाकारों को समर्पित हो जाने के स्वभाव वाले हैं। ऐसी ज्ञान की अद्‌भुत सामर्थ्य है।

इसी प्रकार का भाव आचार्य कुन्दकुन्द ने भी समयसार में व्यक्त किया है- ''ज्ञान नेत्र की भांति अकारक व अवेदक ही है। यह नेत्र की भांति मात्र देखता-जानता है'' अर्थात् उस ज्ञेय का कर्त्ता-भोक्ता नहीं है।[9] इस सन्दर्भ से ऐसा तर्क प्रस्तुत किया जा सकता है कि यदि बाह्य अग्नि दर्पण की अग्नि का कारण नहीं है और दर्पण में उस समय अग्न्याकार परिणमन की योग्यता है तो फिर अग्नि न हो तब भी दर्पण को अग्नि को प्रतिबिम्बित करना चाहिए अथवा अग्नि की समक्षता में भी दर्पण में अग्नि प्रतिभासित न होकर कुछ अन्य प्रतिभासित होना चाहिए। यह विचित्र तर्क है, यह तो दर्पण की स्वतंत्रता पर सीधा आघात है। यदि दर्पण के समक्ष अग्नि हो और वह अग्नि वैसी की वैसी दर्पण में प्रतिबिम्बित न हो तो हम दर्पण किस वस्तु को कहेंगे? पुनः यदि अग्नि के अभाव में भी दर्पण में अग्नि प्रतिबिम्बित हो अथवा अग्नि की समक्षता में दर्पण में अग्नि के स्थान पर वह प्रतिबिम्बित न हो तो दर्पण की प्रामाणिकता ही क्या रह जाएगी? अतः अग्नि का भी होना और दर्पण में भी सांगोपांग प्रतिबिम्बित होना यही वस्तु-स्थिति है। इसमें परस्पर या सापेक्षता के लिए किंचित् मात्र अवकाश नहीं है। इस प्रकार दर्पण और उसका अग्न्याकार अग्नि से सर्वथा पृथक्त्व तथा निर्लिप्तत्व ही रह जाता है।[10]

ज्ञान का तत्-अतत् स्वभाव

दर्पण के समान ज्ञान भी ज्ञेय से अत्यंत निरपेक्ष रहकर अपने ज्ञेयाकार (ज्ञानाकार अर्थात् ज्ञेय के आकार जैसी अपनी ज्ञान की रचना) का उत्पाद-व्यय करता है। ज्ञान में ज्ञेय के इस अभाव को ज्ञान का अतत् स्वभाव कहते हैं। इसप्रकार उनके ज्ञेयों के आकार पारिणमित होकर भी प्रत्यैक ज्ञेयाकार में ज्ञानत्व की धारावाहिकता कभी भंग नहीं होती अर्थात् ज्ञान के प्रत्येक ज्ञेयाकार में ज्ञान सामान्य का अन्वय अखण्ड तथा अपरिवार्तित रहता है। ज्ञान के प्रत्येक ज्ञेयाकार में ज्ञान ही प्रतिध्वनित होता है। इसे आगम में ज्ञान का तत् स्वभाव कहा जाता है।

अनन्त लोकालोक रूप चित्र-विचित्र ज्ञेयाकारों का नियत समय में उत्पादन करने में ज्ञान स्वतंत्र है, इसमें इसे लोकालोक की कोई अपेक्षा नहीं होती न ही लोक से उसे कुछ लेना पड़ता है और न कुछ देना पड़ता है। ज्ञान में तो लोकालोक प्रतिबिम्बित होता है। ज्ञान के उस ज्ञेय जैसे आकार की रचना ज्ञान की उत्पादन सामग्री से होती

है। लोकालोक रूप निमित्त की उसमें रंच मात्र आवश्यकता नहीं है, यह शुद्धनिश्चय नय का कथन है। जब यह कहा जाता है कि ज्ञान लोकालोक को जानता है तो यह कथन व्यवहारनय का है। अतः व्यवहार रूप से ज्ञान अपने ज्ञेयाकारों को ही जानता है निश्चय से अपने को ही जानता है, यही परिनिष्ठित कथन है। कहा भी है -

सकल ज्ञेय ज्ञायक तदपि निजानंद रस लीन।[11]

अर्थात् केवलज्ञान में सारा विश्व झलकने पर भी आत्मा अपने ज्ञान का ही वेदन करता है। इसलिए यह कहा जाता है कि व्यवहार नय से केवली भगवान् लोकालोक को जानते हैं एवं निश्चय नय से केवल अपनी आत्मा को जानते हैं।

जैनदर्शन कर्त्ता-कर्म के अभेदत्व को स्वीकार करता है। वह एक ही वस्तु में कर्त्ता-कर्म सम्बन्ध को स्वीकृत करता है। दो वस्तुओं के मध्य कर्त्ता-कर्म का भेदत्व उसे स्वीकृत नहीं है।[12] ज्ञान एवं ज्ञेय भी कर्त्ता-कर्म का अनन्यत्व है, भेद नहीं। इस तथ्य को आचार्य अमृतचंद ने 'समयसार' की आत्मख्याति टीका में दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट किया है-

"जैसे दाह्य, जलने योग्य पदार्थ के आकार की होने से अग्नि को दहन कहते हैं तथापि उसमें दाह्य कृत अशुद्धता नहीं होती, उसी प्रकार ज्ञेयाकार होने से उस ज्ञान की 'ज्ञायकता' प्रसिद्ध है तथापि उसमें ज्ञेयकृत अशुद्धता नहीं है, क्योंकि ज्ञेयाकार अवस्था में जो ज्ञायक रूप से ज्ञात हुआ है वह स्वरूप प्रकाशन की अवस्था में भी दीपक की भाँति कर्त्ता-कर्म का अनन्यत्व (एकता) होने से ज्ञायक ही है, स्वयं जानने वाला है, इसलिए स्वयं कर्त्ता ने अपने को जाना इसलिए वह स्वयं ही कर्म है, जैसे- दीपक घटपटादि को प्रकाशित करने की अवस्था में भी दीपक है और अपने को अपनी ज्योति रूप शिखा को प्रकाशित करने की अवस्था में भी दीपक ही है, अन्य कुछ नहीं, उसी प्रकार ज्ञायक को भी समझना चाहिए।" ज्ञान भी पर पदार्थों को प्रकाशित करने की अवस्था में ज्ञान ही है एवं स्वयं को प्रकाशित करने की अवस्था में भी ज्ञान ही है ऐसी ज्ञान-ज्ञेय की अभेदता है।[13]

पूर्वोक्त गाथा के भाव स्पष्टीकरण करते हुए आचार्य आगे कहते हैं कि आत्मा को ज्ञायक नाम भी ज्ञेय को जानने से दिया जाता है, क्योंकि ज्ञेय का प्रतिबिम्ब झलकता है तब ज्ञान में वैसा ही अनुभव होता है। तथापि उसमें ज्ञेयकृत अशुद्धता नहीं है, क्योंकि जैसा ज्ञेय, ज्ञान में प्रतिभासित हुआ है वह ज्ञेय का अनुभव न होकर ज्ञायक का अनुभव होने से ज्ञायक ही है। यह जो जानने वाला है वह मैं ही हूँ, अन्य कोई नहीं, ऐसा अपना अभेद रूप अनुभव करता है तब इस जानने रूप क्रिया का कर्त्ता वह स्वयं ही है तथा जिसे जाना वह कर्म भी स्वयं ही है

यह निश्चय नय का कथन है। अन्य जो परद्रव्य-संयोग के कथन हैं वे सब व्यवहारनय के कथन हैं। व्यवहारनय को असत्यार्थ कहने से यह नहीं समझना चाहिए कि आकाश कुसुम की भांति वस्तुधर्म सर्वथा ही नहीं है, ऐसा सर्वथा एकान्त मानना मिथ्यात्व है।

इसी प्रकार ज्ञान में कोई ज्ञेय अथवा घट प्रतिबिम्बित होता है तो ज्ञान घटाकार अपनी नियत शक्ति से अपने नियत समय में उत्पन्न हुआ है, मिट्टी का घट तो पहले से विद्यमान था, किन्तु ज्ञान का घट पहले नहीं था। ज्ञान ने अपने क्रमबद्ध प्रवाह में अपना घट अब बनाया है और उस घटाकार की रचना में ज्ञान ने मिट्टी के घट का अनुकरण नहीं किया है। ज्ञान में घटाकार की रचना, ज्ञान के अनादि-अनंत प्रवाह क्रम में नियत क्षण में हुई है। ज्ञान के सामने घड़ा है, अतएव घट ही प्रतिबिम्बित हुआ यह बात तर्क और सिद्धान्त की कसौटी पर भी सिद्ध नहीं होती। यदि उसे सिद्धान्तः स्वीकार कर लिया जाय तो लोकालोक तो सदा विद्यमान है फिर केवलज्ञान क्यों नहीं होता? पुनः यदि पदार्थ ज्ञान का कारण हो तो फिर सीप के दर्शन में चांदी की भ्रान्ति क्यों हो जाती है अथवा वस्तु के न होते हुए भी केश में मच्छर का ज्ञान कैसे हो जाता है तथा भूत और भविष्य की पर्यायें तो वर्तमान में विद्यमान नहीं हैं उनका ज्ञान कैसे हो जाता है? अतः ज्ञेय से ज्ञान की सर्वाङ्गीण निरपेक्षता निर्विवाद है।[14]

एक ज्ञेय पदार्थ को देखकर जीवों के भाव भिन्न-भिन्न होते हैं। यदि ज्ञेय पदार्थ से ज्ञान होता तो सभी को एक से भाव होना चाहिए, किन्तु ऐसा नहीं होता। इस बात को एक उदाहरण द्वारा समझा जा सकता है- रास्ते में मरी पड़ी हुई एक वेश्या को साधु, युवक चोर एवं कुत्ता देखता है। साधु को उसे देखकर विचार आता है कि इस वेश्या ने अपना जीवन धर्म में न लगाकर विषय भोगों में व्यर्थ ही गंवा दिया। युवक वेश्या को देखकर विचारता है कि वह कितनी खूबसूरत है, यदि पहले पता होता तो मैं उसके पास जरूर जाता। चोर को उसके आभूषणों को देखकर विचार आता है- यदि सब चले जाते तो मैं ठाट से उसके आभूषण उतार लेता। कुत्ता उसे मृतक जानकर विचार करता है कि कैसे मौका मिले मैं उसके मांस का भक्षण कर लूं।

इस उदाहरण से यह स्पष्ट होता है कि ज्ञेय से ज्ञान नहीं होता वरन् ज्ञान स्वतः अपनी योग्यता से अपने ही स्वकाल में होता है। ज्ञेय की किसी प्रकार की पराधीनता उसे स्वीकार्य नहीं है।

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट करने का प्रयास है कि ज्ञान सत्, अहेतुक, निरपेक्ष होता है, उसकी स्वतंत्र सत्ता है तथा उसकी सत्ता ज्ञेयों के आधीन नहीं है, परन्तु

इससे यह अर्थ नहीं निकालना चाहिए कि जैनदर्शन बौद्धों की भांति बाह्य वस्तु अथवा ज्ञेय पदार्थों की सत्ता को स्वीकृत नहीं करता। वह उनकी सत्ता को स्वीकृत करते हुए ज्ञेय को ज्ञान का कर्त्ता अस्वीकृत करता है।

ज्ञान-ज्ञेय स्वभाव को समझने से जीवन में लाभ - ज्ञेय स्वभाव को समझने के पश्चात् ज्ञान के अद्भुत सामर्थ्य का ज्ञान होता है कि ज्ञान अपने में तन्मय रहकर परपदार्थों को अतन्मय रूप से जानता है, उसमें प्रविष्ट नहीं होता। स्वयं ज्ञेय भी उसमें प्रविष्ट नहीं होते। दोनों की सत्ता भिन्न एवं पूर्णतः स्वतंत्र है। ज्ञान की इस ज्ञेयाकार पणिमन रूप अवस्था में स्वयं को मात्र ज्ञानरूप अनुभव करना सुख-शांति प्राप्ति का मार्ग है। यह स्वतंत्रता की चरम अंवस्था है इसे जीवन में अपनाने से हर्ष-विषाद, इष्ट-अनिष्ट, कर्तृत्व-ममत्व की दुःख रूप बुद्धि/सोच का अभाव हो जाता है। जैनदर्शन दो पदार्थों/द्रव्यों के बीच मात्र निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध[15] को स्वीकृत करता है एवं कर्त्ता-कर्म सम्बन्ध को अस्वीकृत करता है। ज्ञान व ज्ञेय के बीच भी कर्त्ता-कर्म सम्बन्ध को अस्वीकृत करता है। पूर्व में जो दर्पण का उदाहरण दिया है और यह कहा है कि दर्पण में जो अग्नि प्रतिबिम्बित हो रही है वह स्वयं उसकी उपादानगत योग्यता[16] से निर्मित है, उसमें अग्नि निमित्त मात्र है, वह कर्त्ता नहीं। इसी प्रकार ज्ञान का स्वभाव भी स्व-पर प्रकाशक है। जीव संसार अवस्था में कर्मोदय से बंधा हुआ है एवं पुण्य-पाप रूप कर्मोदय की अवस्था सुख-दुःख का अनुभव करता है लेकिन जो उपरोक्त सिद्धान्त को जीवन में आत्मसात कर लेता है वह कर्मोदय की अवस्था में सुख-दुःख का वेदन न करके अपने को ज्ञान-मात्र आत्मा का अनुभव करता है, क्योंकि ज्ञान में झलकते हुए ज्ञेय पदार्थों से जुड़ना अथवा उससे भिन्न अनुभव करना जीव की स्व-स्वतंत्रता है। उसमें ज्ञेय निमित्त मात्र है, कर्त्ता नहीं। जीवन के हर प्रसंग में ऐसा विचार किया जा सकता है कि देह स्त्री, पुत्रादि, धन-धान्य, मकान-दुकान, घोड़ा-गाड़ी ये सब ज्ञान के ज्ञेय मात्र हैं उनमें सुख-दुख की कल्पना जीव की स्वयं की मिथ्या बुद्धि है। ज्ञेय सुख अथवा दुःख का कारण नहीं, ऐसा मानने से जीवन में मानसिक शांति, समत्वभाव एवं समरसता का उद्भव होता है।

आचार्य अमृतचन्द्र ने समयसार की 15वीं गाथा की 'आत्मख्याति' टीका में ज्ञानी व अज्ञानी जीव की इस सिद्धान्त सम्बन्धी मान्यता का उदाहरण सहित चित्रांकन करते हुए कहा है कि-

"ज्ञान की अनुभूति ही आत्मा की अनुभूति है। सामान्य ज्ञान के आविर्भाव और ज्ञेयाकार ज्ञान के तिरोभाव से जब ज्ञानमात्र का अनुभव किया जाता है तब ज्ञान

प्रगट अनुभव में आता है, तथापि जो अज्ञानी हैं, ज्ञेयों में आसक्त हैं उन्हें वह स्वाद में नहीं आता। प्रगट दृष्टान्त द्वारा बतलाते हैं कि जैसे-अनेक प्रकार के शाकाहारी भोजनों के सम्बन्ध से उत्पन्न सामान्य लवण के तिरोभाव और विशेष लवण के आविर्भाव से अनुभव में आने वाला जो (सामान्य का तिरोभाव और शाकादि के स्वादभेद से भेदरूप विशेषरूप) लवण है उसका स्वाद अज्ञानी शाकलोलुप मनुष्यों को आता है किन्तु अन्य के सम्बन्धरहितता से उत्पन्न सामान्य के आविर्भाव और विशेष के तिरोभाव से अनुभव में आने वाला जो एकाकार रूप अभेद लवण है उसका स्वाद नहीं आता और जो ज्ञानी है, ज्ञेयों में आसक्त नहीं है, वे ज्ञेयों से भिन्न एकाकार ज्ञान का ही आस्वाद लेते हैं, जैसे शाकों से भिन्न-नमक की डली का क्षार मात्र स्वाद आता है उसी प्रकार आस्वाद लेते हैं, क्योंकि जो ज्ञान है, सो आत्मा है जो आत्मा है सो ज्ञान है।"[17] यहां पर आचार्य ने शाक मिश्रित लवण का दृष्टान्त देते हुए अपनी बात स्पष्ट की है कि शाक तथा लवण के मिश्रण की भांति अज्ञानी को सदा ही 'यह देह मैं ही हूँ, यह ज्वर मुझे ही है', ऐसा मिश्र स्वाद आता है किन्तु ज्ञानी को सदा ही ज्ञान सामान्य की स्मृति है। मेरा ज्ञान ज्वर तथा देहाकार परिणमित होने पर भी मैं देह तथा ज्वर से भिन्न ज्ञान ही हूँ, ज्ञान को देह नहीं और कभी ज्वर चढ़ता ही नहीं। अतः ज्ञान के ज्वराकार और देहाकार परिणाम भी ज्ञानी मात्र के ज्ञान की अनुभूति हैं। इसमें यह तर्क अपेक्षित नहीं है कि यदि निरंतर ज्ञान-सामान्य की दृष्टि रहे तो फिर ज्ञान के विशेषों का क्या होगा ? वस्तुतः ज्ञान तो सहज ही ज्ञेय निरपेक्ष रहकर अनेकाकार में परिणमित होता रहता है। बिना किसी प्रबंध के ही वे ज्ञान में झलकते रहते हैं।

इस प्रकर स्पष्ट है कि ज्ञानी अज्ञानी की मान्यता में भेद होने से ज्ञानी शांति समरसता का अनुभव करता है एवं अज्ञानी आकुलता-व्याकुलता का वेदन करता है।

7. ज्ञान-ज्ञेय मीमांसा का सार :-

1. सारा जगत् ज्ञान का ज्ञेय होने पर भी ज्ञान में उसका प्रवेश न होने से असीम शांति का अनुभव करता है।
2. जीव ज्ञान स्वभावी है। ज्ञान का स्वभाव स्व-पर प्रकाशक होता है। स्वभाव परनिरपेक्ष, असहाय होने से ज्ञान को अपने जानने रूप व्यवसाय करने में पर की, ज्ञेय की किंचित् मात्र अपेक्षा नहीं होती। इससे ज्ञान की चरम स्वतंत्रता का बोध होता है।
3. जीव से भिन्न पर वस्तुओं में प्रमेयत्व गुण होने के कारण वे ज्ञान का ज्ञेय बनने के सामर्थ्य से युक्त होती हैं। इससे ज्ञेय की स्वाधीनता का बोध होता है।

4. ज्ञान जड़ को जानने से जड़ रूप नहीं होता तथा अपने अनंत गुणों को जानने से अनंतगुण रूप नहीं होता। ज्ञान तो सदाकाल ज्ञानरूप रहता है, ऐसा जानने से निर्भयता का भाव जाग्रत होता है।

उपरोक्त सम्पूर्ण विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि ज्ञानमयी वस्तु तथा ज्ञेयरूप वस्तु दोनों अपने-अपने में अपनी स्वरूप सम्पदा से परिपूर्ण होने के कारण परस्पर एक दूसरे के आधीन नहीं हैं। वे एक दूसरे से किसी प्रकार परतंत्र नहीं हैं। इस प्रकार ज्ञान व ज्ञेयमयी समस्त वस्तुओं को उनकी स्वशक्तियाँ उन्हें पर से निरपेक्ष व स्वभाव से सहज सम्पन्न रखती हैं इस कारण से पर के हस्तक्षेप का कोई विकल्प पैदा होने की गुजांइश नहीं रहती। इस प्रकार यह ज्ञान-ज्ञेय मीमांसा वस्तु की अस्तित्वात्मक, क्रियात्मक एवं ज्ञानात्मक स्वतंत्रता की उद्घोषणा करता हुआ अकृत विश्वव्यवस्था में अपनी सम्मति देता हुआ शोभायमान होता है।

सन्दर्भ :

1. प्रमेयत्व- जिस शक्ति के कारण द्रव्य किसी न किसी ज्ञान का विषय है उसे प्रमेयत्व गुण कहते हैं।
   (अ)लघु जैन सिद्धान्त प्रवेशिका, प्रश्न 26, पृष्ठ 6
   (ब)द्रव्य स्वभाव प्रकाशक नय चक्र गाथा 12 का विशेषार्थ पृष्ठ 7
2. समयसार कलश- आचार्य अमृतचन्द्र, कलश 62
3. चैतन्य बिहार- जुगलकिशोरजी 'युगल' पृष्ठ 43, अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन, कोटा (राज.) प्रथम 'संस्करण' 2002
4. समयसार गाथा 116-120 की आत्मख्याति टीका, पृष्ठ 196
5. परीक्षामुख सूत्र- आचार्य माणिक्यनंदी, अध्याय-2, सूत्र-71
6. वही, अध्याय-2, सूत्र-8
7. प्रवचनसार- आचार्य कुन्दकुन्द, गाथा-23
8. वही, तत्त्वप्रदीपिका, गाथा 28 की टीका
9. समयसार, गाथा 320
10. चैतन्य बिहार, पृष्ठ. 45
11. जिनेन्द्र अर्चना- पं. टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर, संस्करण बीसवां, 1999, पृष्ठ. 57
12. समयसार कलश- कलश 200
13. समयसार- गाथा 6, आचार्य अमृतचन्द्र कृत आत्मख्याति टीका
14. चैतन्य बिहार, पृष्ठ. 46
15. **निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध**-जो पदार्थ स्वयं कार्यरूप परिणमित न हो परन्तु कार्य की उत्पत्ति में अनुकूल होने से जिसपर कारणपने का आरोप आता है उसे निमित्तकारण कहते हैं। निमित्त की अपेक्षा से जो कार्य हो उसे नैमित्तिक कहा जाता है। निमित्त-नैमित्तिक

सम्बन्ध में निमित्त- नैमित्तिक रूप कार्य का कर्त्ता नहीं होता है, क्योंकि व्याप्य-व्यापक भाव के अभाव में कर्त्ता-कर्म सम्बन्ध घटित नहीं होता है।

(अ) समयसार, गाथा 82 की आत्मख्याति टीका

(ब) डॉ. उत्तमचंद्र जैन : आचार्य अमृतचन्द्र व्यक्तित्व व कृतित्व, पृष्ठ. 447

16. उपादानगत योग्यता-जो स्वयं कार्यरूप परिणमित हो उसे उपादान कारण कहते हैं। कारण की कार्य को उत्पादन करने की शक्ति का नाम योग्यता है।
17. समयसार गाथा, 15 की आत्मख्याति टीका.

****

लोकानुप्रेक्षा में वास्तुविद्या

सतेन्द्र कुमार जैन

जैन दर्शन में वर्णित अनुप्रेक्षाओं में लोकानुप्रेक्षा अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। लोक में स्थित भवनों, उत्तम-स्थानों, जिनालयों आदि के चिन्तन को लोकानुप्रेक्षा कहा गया है। प्रस्तुत लेख में लेखक ने लोक के विभिन्न घटकों का उनके भेद-प्रभेदों के साथ सविस्तार वर्णन करते हुए उन्हें वास्तुशास्त्र के विशेष सन्दर्भ में व्याख्यायित करने का सफल प्रयास किया है, साथ ही करणीय तथा अकरणीय क्रियाओं तथा विधानों एवं उनसे होने वाले लाभ एवं हानि का भी यथास्थान विनियोग किया है। -**सम्पादक**

जैनदर्शन में चिन्तन-मनन की परम्परा का अद्वितीय स्थान है। इसमें क्रिया से अधिक चिन्तन और मनन को बल दिया गया है। व्यक्ति चाहे तो चिन्तन के द्वारा पुण्य कमा सकता है और चाहे तो चिन्तन से पाप भी कमा सकता है। इसी प्रसंग में 'अनुप्रेक्षा' शब्द का प्रयोग किया गया है। अनुप्रेक्षा से अपने ज्ञान का परिमार्जन किया जा सकता है। अनुप्रेक्षा के बारह भेद हैं जिसमें लोकानुप्रेक्षा में स्वर्ग, नरक, मध्यलोक आदि के वर्णन का चिन्तन किया जाता है। लोक में स्थित भवनों, उत्तम स्थान, जिनालयों आदि का चिन्तन लोकानुप्रेक्षा है। इसके बनावट आदि के आकार-प्रकार का चिन्तन कर वास्तु का भी ज्ञान किया जा सकता है। लोकानुप्रेक्षा के विषय का बृहद्द्रव्यसंग्रह में लगभग 15 पृष्ठों का वर्णन प्राप्त होता है जिसमें लोक की व्यवस्था आदि में वास्तु का स्पष्टतया दर्शन होता है।

लोकानुप्रेक्षा का स्वरूप

जाने गए अर्थ का मन में अभ्यास करना अनुप्रेक्षा है[1] तथा अनंतानंत जो आकाश है उसके मध्य के प्रदेश में घनोदधि, घनवात और तनुवात वलय नामक तीन पवनों से वेशित आदि और अन्तःरहित, अकृत्रिम, निश्चल और असंख्यात् प्रदेश का धारक लोक है। नीचे मुख किये हुए आधे मृदंग के ऊपर पूरा मृदंग रखने पर जैसा आकार होता है वैसा आकार लोक का है, परन्तु मृदंग गोल है और लोक चौकोर है, यह भेद है। इस प्रकार लोकानुप्रेक्षा में लोक का ही चिन्तन मुख्य रूप से किया जाता है।[2]

लोकानुप्रेक्षा का विषय एवं प्रयोजन

लोकानुप्रेक्षा में तीन लोक के स्वरूप का तथा उसमें अकृत्रिम चैत्यालय, देवभवन, स्वर्गों की ऊँचाई आदि देवों के अस्तित्व का तथा मध्यलोक में पंचमेरु

आदि में विराजमान अकृत्रिम चैत्यालयों का वर्णन तथा तीनलोक में विराजमान कृत्रिम तथा अकृत्रिम जिनबिम्बों आदि का वर्णन बार-बार किया जाता है जिससे वैराग्य की ओर बढ़ता हुआ साधक या गृहस्थ मार्ग में फँसा हुआ श्रावक दोनों ही लोक के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान करके संसार परिभ्रमण के कारण को जानते हैं। इससे लोक के उत्तम पदों के प्रति मान बढ़ता है तथा नरकादि अधम गतियों से विरक्ति का भाव उत्पन्न होता है जिससे श्रावक तथा साधक पाप कर्मों का अर्जन करने से बचते हैं तथा पुण्य कर्म में अधिक प्रवृत्ति करते हैं।

लोक के स्वरूप का चिन्तन करने से तत्त्वज्ञान में विशुद्धि बढ़ती है तथा जो पुरुष उपशम परिणाम स्वरूप परिणत होकर इस प्रकार लोक के आकार का ध्यान करता है वह कर्म-पुंज को नष्ट करके उसी लोक के शीर्ष पद को प्राप्त करता है।[3] जब ध्यान करने वाला ध्याता लोक के आकार के विषय में चिन्तन करता है तो वह लोक में उपस्थित अकृत्रिम चैत्यालय, अकृत्रिम बिंब, कृत्रिम चैत्यालय, कृत्रिम बिंब, समवसरण, मेरु, नंदीश्वर द्वीप, कुण्डलवर द्वीप, समुद्र में स्थापित देवभवन, देव आवास, नदी, क्रीड़ास्थल, उद्यान आदि का चिन्तन भी करता है जो वास्तु के अन्तर्गत आता है। जब वह इनकी रचना के विषय में चिन्तन करेगा तो वह उसके आकार-प्रकार का समीचीन माप आदि के विषय में भी विचार करेगा जिसे वास्तु की संज्ञा प्रदान की गई है। इस प्रकार लोकानुप्रेक्षा में वास्तु के विषय का जितना अधिक चिन्तन किया गया है वह अन्य अनुप्रेक्षाओं में दृष्टिगत नहीं होता है।

वास्तु का अर्थ

वास्तु विद्या का अर्थ है भवननिर्माण की कला। इसी को प्राकृत भाषा में वत्थुविज्जा, उर्दू में सनाअत और अंग्रेजी में आर्कीटेक्टॉनिक्स कहते हैं। धर्म, ज्योतिष, पूजापाठ आदि ने मिलकर वास्तुविद्या को अध्यात्म से जोड़ दिया, जिससे उसका प्रचार एक आचार संहिता की भाँति हुआ है। उससे समाज की आस्था जुड़ी है। यही कारण है कि वास्तु विद्या अतीत की अवधारणा होते हुए भी वर्तमान में उससे कहीं अधिक उपयोगी है।

'वास्तु' शब्द संस्कृत की वस् क्रिया से बना है, जिसका अर्थ है रहना। मनुष्यों, देवों और पशु-पक्षियों के उपयोग के लिए मिट्टी, लकड़ी, पत्थर आदि से बनाया गया स्थान वास्तु है। संस्कृत का 'वसति' और कन्नड़ का 'बसदि' शब्द भी वास्तु के अर्थ में ही है। हिन्दी का 'बस्ती' शब्द भी वास्तु से सम्बद्ध है, परन्तु वह ग्राम, नगर आदि के अर्थ में प्रचलित हो गया है।[4]

अकृत्रिम चैत्यालय एवं अकृत्रिम बिम्बों का माप

अकृत्रिम जिनचैत्यालयों की संख्या 85697481 है, जो पृथ्वीकायिक होते हैं वे शाश्वत चैत्यालय कहे जाते हैं। इनमें ऊर्ध्वलोक में 8497023, मध्यलोक में 458 तथा अधोलोक में भवनवासी देवों के भवनों की संख्या क्रमशः 64 लाख, 84 लाख, 72 लाख तथा छह स्थानों में 76 लाख तथा अंत में 96 लाख है। इन सबके प्रमाण को एक मिला देने पर 77200000 भवनवासी देवों के भवन हैं तथा इन भवनों में प्रत्येक में अकृत्रिम चैत्यालय हैं।[5] ऊर्ध्वलोक एवं अधोलोक में देवों के भवनों के ईशान दिशा में अकृत्रिम चैत्यालय हैं तथा देवों के प्रत्येक भवन में एक अकृत्रिम चैत्यालय का होना अनिवार्य है। परन्तु मध्यलोक में कुण्डलगिरि, रुचकगिरि, मानुषोत्तर पर्वत, पंचमेरु, 30 कुलाचल, 30 सरोवर, 170 विजयार्ध पर्वत, 20 गजदन्त, जम्बू-शाल्मलि आदि 10 वृक्ष, 4 इष्वाकार पर्वत एवं वक्षार आदि अनेक स्थानों पर स्थित जिनमन्दिरों में असंख्यात् प्रतिमाएँ विराजमान हैं।[6] ऋद्धिधारी मुनिराज, देव एवं विद्याधर सदैव इनकी पूजा-अर्चना करके अपने कल्मष को धोते हैं। अकृत्रिम चैत्यालय के प्रतिमाओं के विषय में तिलोयपण्णत्तीकार ने कहा है -

अट्ठुत्तर सय संखा जिणवर पासाद मज्झभागम्मि।
सिंहोसणाणि तुंगा सपायपीढा य फलिहमया।।
सिंहोसणाण उवरिं जिण पडिमाओ अणाइ णिहमाओ।
अट्ठुत्तर सय संखा पण सय चावाणि तुंगाओ।।
छत्तत्तयादि जुत्ता पडियंकासण समण्णिदा णिच्चं।
समचउरस्सायारा जयंतु जिणणाह पडिमाओ।

अर्थात् जिनेन्द्र प्रासादों के मध्य भाग में पाद पीठों सहित स्फटिक मणिमय एक सौ आठ उन्नत सिंहासन हैं। उन सिंहासनों के ऊपर पाँच सौ धनुष प्रमाण ऊँची एक सौ आठ अनादिनिधन जिन प्रतिमाएँ विराजमान हैं। तीन छत्रादि सहित पर्यंकासन समन्वित और समचतुरस्र आकार वाली वे जिननाथ प्रतिमाएँ नित्य जयवंत हों।[7]

अकृत्रिम और कृत्रिम दो प्रकार की प्रतिमाएँ होती हैं। अकृत्रिम प्रतिमाएँ वे कहलाती हैं जो प्रतिमाएँ देवों द्वारा, राजाओं द्वारा एवं अन्य किन्हीं शिल्पियों द्वारा निर्मित नहीं की जाती हैं, अपितु अनेक प्रकार के रत्नों एवं नाना प्रकार के पाषाणों से स्वयं ही तद्रूप परिणमित हो जाती हैं। अनादिकाल से ऐसी ही है तथा अनन्त काल तक ऐसी ही बनी रहेंगी। अकृत्रिम प्रतिमाएँ पृथ्वीकायिक होती हैं। तीनों लोक में अकृत्रिम प्रतिमाओं की संख्या 9255327948 है जिसमें ऊर्ध्वलोक में 917678484, मध्यलोक में 49464 तथा अधोलोक में 8337600000 अकृत्रिम

जिनप्रतिमाएँ हैं। अकृत्रिम चैत्यालयों के द्वार के विषय में आचार्य नेमिचन्द्र ने त्रिलोकसार मे कहा है-

आयाम दलं वासं, उभय दलं जिणधाराण मुच्चत्तं।
दारुदय दलं वासं, आणिद्दाराणि तस्सद्धं ॥

अर्थात् उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य के भेद से अकृत्रिम जिन चैत्यालय भी तीन प्रकार के होते हैं। इन तीनों प्रकार के जिनालयों का आयाम क्रमशः 100 योजन, 50 योजन और 25 योजन प्रमाण है। इन्हीं जिनालयों का व्यास आयाम के अर्धभाग प्रमाण अर्थात् 50 योजन, 25 योजन तथा 12.5 योजन प्रमाण है तथा इन तीनों की ऊँचाई आयाम और व्यास के योग के अर्धभाग प्रमाण अर्थात् 75 योजन, 37.5 योजन और 18.75 योजन है। द्वारों की ऊँचाई के अर्धभाग प्रमाण द्वारों का व्यास होता है तथा बड़े द्वारों के व्यासादि से छोटे द्वारों का व्यासादि आधा-आधा होता है।[8] अकृत्रिम चैत्यालय का मुख्य द्वार हमेशा पूर्व मुख ही होता है क्योंकि अकृत्रिम चैत्यालय में जिन चैत्य पूर्वाभिमुख विराजमान रहते हैं।[9] इसी प्रकार प्रतर के असंख्यातवें भाग प्रमाण असंख्यात् ज्योतिष्क विमान अकृत्रिम स्वर्ण तथा रत्नमय जिन चैत्यालयों से भूषित हैं।[10]

चैत्यवृक्ष एवं वास्तु

चैत्यवृक्ष जैन दर्शन का अद्वितीय शब्द है। इसका शाब्दिक अर्थ है जिस वृक्ष में चैत्य अर्थात् जिनबिम्ब हो उसे चैत्यवृक्ष कहते हैं। ये चैत्यवृक्ष अधोलोक, मध्यलोक एवं ऊर्ध्वलोक- तीनों लोकों में पाए जाते हैं। अधोलोक में भवनवासी देवों के दस भेदों में दस प्रकार के चैत्यवृक्ष पायें जाते हैं जिनमें अवत्थ, सप्तपर्ण, शाल्मली, जम्बू, वेतस, कदंब, प्रयंगु, सरिस, पलाश, राजद्रुम ये दस चैत्यवृक्ष पाए जाते हैं। ये चैत्यवृक्ष असुर कुमारादि के क्रमशः पाए जाते हैं। कहा है-

चेत्ततरुणं मूले पत्तेयं पडिदि सम्हि पंचेव।
पलियं कठिया पडिमा सुरच्चिया ताणि वंदामि॥
पडि दि सयं णियसीसे सगसग पडिमा जुदा विराजंति।
तुंगा माणत्थंमा रयणमया पडिदिसं पंच॥

अर्थात् भवनवासी देवों के चैत्यवृक्ष के मूल में प्रत्येक दिशा में पाँच-पाँच प्रतिमा पर्यंक आसन में विराजमान हैं तथा प्रत्येक दिशा में प्रत्येक प्रतिमा के आगे एक मानस्तम्भ है, उस मानस्तम्भ के प्रत्येक दिशा में सात-सात उत्तम रत्न की प्रतिमाएँ विराजमान हैं। इस प्रकार एक चैत्यवृक्ष के चारों दिशाओं में 20 प्रतिमाएँ और 20 मानस्तम्भ हैं तथा 20 मानस्तम्भ के प्रत्येक दिशा में सात-सात प्रतिमा के कारण एक मानस्तम्भ में 28 प्रतिमाएँ तथा 20 मानस्तम्भ में 560 प्रतिमाएँ होती हैं तथा चैत्यवृक्ष में 20 प्रतिमाएँ मिला देने से 580 प्रतिमाएँ होती हैं। अतः

यह कह सकते हैं कि मानस्तम्भ की एक दिशा में सात प्रतिमा होने से मानस्तम्भ भी सात मंजिल का हो सकता है।[11] व्यंतर देवों के आठ भेदों में आठ प्रकार के चैत्यवृक्ष क्रमशः पाए जाते हैं जिनमें अशोक, चंपा, नागकेसरि, तुंवडी, वट, कंटतरु, तुलसी, कदंब है। व्यंतर देवों के चैत्यवृक्ष में प्रतिमाओं की संख्या भवनवासी देवों के चैत्यवृक्षों से भिन्न है। कहा है चैत्यवृक्ष के चारों ओर चार-चार प्रतिमा तथा प्रत्येक प्रतिमा के आगे मानस्तम्भ हैं तथा प्रत्येक मानस्तम्भ के तीन कोट होते हैं। प्रत्येक कोट में चार-चार प्रतिमाएँ होती हैं अर्थात् चैत्यवृक्ष के चारों दिशाओं में 16 प्रतिमाएँ एवं 16 मानस्तम्भ हैं तथा सोलह मानस्तम्भ में 48 कोटे तथा 48 कोटों में 192 प्रतिमाएँ विराजमान हैं। इस प्रकार 192 तथा 16 प्रतिमाओं के योग से 208 प्रतिमाएँ होती हैं[12] तथा वैमानिक देवों में चार प्रकार के चैत्यवृक्षों के नाम आते हैं। त्रिलोकसार में कहा है कि सौधर्मादिक इन्द्रों के चारों वन में चार चैत्य वृक्ष होते हैं जिनमें अशोक, वनखण्ड, चंपक वनखण्ड, सप्तछद वनखण्ड और आम्र वनखण्ड हैं। इन चैत्यवृक्षों का माप जम्बूवृक्ष के समान है[13] तथा वनखण्ड पद्म तालाब के समान विस्तार वाला है अर्थात् मेरु पर्वत के ईशान दिशा में जम्बू वृक्ष है।[14] जम्बू वृक्ष 500 योजन की स्थली में फैला हुआ है जिसकी ऊँचाई 10 योजन की तथा मध्य में 6 योजन चौड़ा तथा ऊपर 4 योजन चौड़ा है तथा वनखण्ड 1000 योजन लम्बा तथा 500 योजन चौड़ा है।[15]

देवभवन एवं वास्तु

जैनदर्शन में 16 स्वर्ग, 9 ग्रैवेयक, 9 अनुदिश और 5 अनुत्तर विमान हैं जिनमें से 16 स्वर्गों में कल्पनाएँ हैं जिस कारण से हीनाधिक्रता स्वाभाविक है। देव भवनों या विमानों का प्रमाण बृहद्द्रव्य संग्रह में कहा है कि ऊर्ध्वलोक में 63 पटल होते हैं जिनमें 16 स्वर्ग, 9 ग्रैवेयक, 9 अनुदिश तथा 5 अनुत्तर विमान स्थित हैं। प्रत्येक स्वर्ग में एक-एक इन्द्रक विमान है। उन इन्द्रक विमानों की पूर्व, पश्चिम और दक्षिण इन तीन श्रेणियों के विमान तथा नैऋत्य और आग्नेयविदिशाओं के प्रकीर्णक विमान की दिशा में सौधर्म, सनत्कुमार, ब्रह्म, लान्तव, शुक्र, शतार, आनत, आरण स्वर्गस्थित हैं तथा उत्तर श्रेणिबद्ध विमान तथा वायव्य और ईशानविदिशा के विमानों में ऐशान, माहेन्द्र, ब्रह्मोत्तर, कपिष्ठ, महाशुक्र, सहस्रार, प्राणत तथा अच्युत स्वर्गस्थित हैं।[16]

इसी प्रकार स्वर्ग के विमान में नगरों के विस्तार में अन्तर दृष्टिगत होता है। कहा है कि-

चुलसीदीय असीदी बिहत्तरी सत्तरीय जोयणगा।
जावय बीस सहस्सं समचउरस्साणि रम्याणि॥

अर्थात् सौधर्म स्वर्ग में 84 हजार योजन, ईशान स्वर्ग में 80 हजार योजन, सानत्कुमार स्वर्ग में 72 हजार योजन, माहेन्द्र स्वर्ग में 70 हजार योजन, ब्रह्म युगल में 60 हजार योजन, लांतव युगल में 50 हजार योजन, शुक्र युगल में 40 हजार योजन, शतार युगल में 30 हजार योजन, आनतादि चार स्वर्ग में 20 हजार योजन प्रमाण इन्द्र के नगर का विस्तार है तथा ये नगर समचतुरस्र हैं अर्थात् जितने लम्बे हैं उतने चौड़े हैं अर्थात् चौकोर हैं।[17] इसी प्रकार स्वर्गों की ऊँचाई के विषय में कहा है कि सौधर्म युगल में 300 योजन, सानत्कुमार युगल में 250 योजन, ब्रह्मयुगल में 200 योजन, लान्तव युगल में 150 योजन, शुक्र युगल में 120 योजन, शतार युगल में 100 योजन, आनत युगल में 80 योजन नगर के कोट की ऊँचाई है[18] तथा नींव की ऊँचाई के विषय में कहा है कि सौधर्म युगल में 50 योजन, सानत्कुमार युगल में 25 योजन, ब्रह्मयुगल में 12.5 योजन, लान्तव युगल में 6.25 योजन, शुक्र युगल में 4 योजन, शतार युगल में 3 योजन, आनत युगल में 2.5 योजन कोट के नींव की ऊँचाई है।[19] प्रत्येक दिशा में नगर के द्वार की ऊँचाई के विषय में कहा है कि सौधर्म युगल में 400 योजन, सानत्कुमार युगल में 300 योजन, ब्रह्मयुगल में 200 योजन, लान्तव युगल में 180 योजन, शुक्र युगल में 140 योजन, शतार युगल में 120 योजन, आनत युगल में 100 योजन द्वार की ऊँचाई है[20] तथा द्वार की चौड़ाई के विषय में कहा है कि सौधर्म युगल में 100 योजन, सानत्कुमार युगल में 90 योजन, ब्रह्मयुगल में 80 योजन, लान्तव युगल में 70 योजन, शुक्र युगल में 50 योजन, शतार युगल में 40 योजन, आनत युगल में 30 योजन द्वार की चौड़ाई है।[21]

इसी प्रकार इन्द्रों के महलों के विषय में भी स्पष्ट माप कहा है कि प्रथम के 6 युगलों में शेष कल्पों का 1 स्थान तथा 9 ग्रैवेयक के तीन स्थान, 1 अनुदिश का स्थान तथा 1 अनुत्तर का स्थान इस प्रकार 12 स्थानों की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई बतायी है। कहा है– सौधर्म युगल में 600 योजन, सानत्कुमार युगल में 500 योजन, ब्रह्मयुगल में 450 योजन, लान्तव युगल में 400 योजन, शुक्र युगल में 350 योजन, शतार युगल में 300 योजन तथा शेषकल्प में 250 योजन, प्रारम्भ के तीन ग्रैवेयक में 200 योजन, मध्यम तीन ग्रैवेयक में 150 योजन, अन्तिम तीन ग्रैवेयक में 100 योजन,9 अनुदिश में 50 योजन तथा 5 अनुत्तरों में 25 योजन इन्द्रों के महलों की ऊँचाई है[22] तथा सौधर्म युगल में 550 योजन, सानत्कुमार युगल में 500 योजन, ब्रह्मयुगल में 450 योजन, लान्तव युगल में 400 योजन, शुक्र युगल में 350 योजन, शतार युगल में 250 योजन तथा शेषकल्प में 200 योजन लम्बाई है तथा शेष की लम्बाई ऊँचाई का 5वां भाग

तथा चौड़ाई ऊँचाई का 10वां भाग प्रमाण है।[23]

इन्द्र के निवास स्थल अमरावतीपुर के मध्य में इन्द्र विराजमान रहता है तथा उसकी ईशान दिशा में सुधर्मा सभा है जो 100 योजन लम्बी तथा 50 योजन चौड़ी है तथा 75 योजन ऊँची है।[24]

पूज्य-अपूज्य जिनबिम्ब का फल

पूजन करने के पहले पूर्व दिशा की ओर मुख करके स्नान करें, पश्चिम दिशा की ओर मुख करके दातून करें, उत्तर दिशा की ओर मुख करके श्वेत वस्त्र धारण करें और जिनेन्द्रदेव की पूजा उत्तर दिशा की ओर मुख होकर करें और यदि जिन प्रतिमा का मुख पूर्व दिशा की ओर हो तो पूजा उत्तर दिशा की ओर मुख करके करें और यदि प्रतिमा का मुख उत्तर दिशा की ओर हो तो पूजा पूर्व मुख होकर करें। यदि श्रावक घर में चैत्यालय बनवाना चाहे तो घर में प्रवेश करते हुए शल्य रहित वामभाग में डेढ़ हाथ ऊँची भूमि पर देवता का स्थान बनावे। यदि गृहस्थ नीची भूमि पर देवता का स्थान बनाएगा तो वह अवश्य ही संतान के साथ निचली से निचली अवस्था को प्राप्त होता जाएगा। घर के चैत्यालय में ग्यारह अंगुल प्रमाण वाला जिनबिम्ब सर्व मनोवांछित अर्थ का साधक होता है, अतएव इस प्रमाण से अधिक ऊँचा जिन बिम्ब नहीं बनाना चाहिए। एक अंगुल प्रमाण जिनबिम्ब श्रेष्ठ होता है, दो अंगुल प्रमाण का जिनबिम्ब धन–नाशक होता है। तीन अंगुल के जिनबिम्ब बनवाने पर धन-धान्य एवं सन्तान आदि की वृद्धि होती है और चार अंगुल के जिनबिम्ब होने पर पीड़ा होती है। पाँच अंगुल के जिनबिम्ब होने पर घर की वृद्धि होती है, छः अंगुल जिनबिम्ब होने पर घर में उद्वेग होता है। सात अंगुल के जिनबिम्ब होने पर गायों की वृद्धि होती है और आठ अंगुल के जिनबिम्ब होने पर धन्य–धान्यादि की हानि होती है। नव अंगुल के जिनबिम्ब होने पर पुत्रों की वृद्धि होती है और दस अंगुल के जिनबिम्ब होने पर धन का नाश हो जाता है तथा ग्यारह अंगुल की प्रतिमा सब इच्छित सुखों को देने वाली होती है। इस प्रकार एक अंगुल प्रमाण जिनबिम्ब से लेकर ग्यारह अंगुल तक के जिनबिम्ब को घर में स्थापना करने का शुभाशुभ फल कंहा गया है। अतः गृहस्थ को घर में अंगुल प्रमाण वाला जिनबिम्ब पूजना चाहिए। इससे अधिक प्रमाण वाला जिनबिम्ब ऊँचे शिखर वाले जिनमन्दिर में स्थापना करके पूजे। घर के चैत्यालय में जिनप्रतिमा काष्ठ, लेप, पाषाण, सुवर्ण, चाँदी, और लोहे की बनवाये। ग्यारह अंगुल से अधिक प्रमाणवाली प्रतिमा आठ प्रतिहार्य आदि परिवार से संयुक्त ही बनवाना चाहिए तथा आज के समय में काष्ठ, लेप और लोहे की प्रतिमा नही बनवाना चाहिए क्योंकि इनकी बनवायी

गई यथोक्त योग्य प्रतिमाओं के निर्माण का कोई लाभ नहीं है और जीवों की उत्पत्ति आदि होने से अनेक दोषों की संभावना है। जिनमन्दिर के ध्वजा से रहित होने पर पूजन–हवन और जप सर्व विलुप्त हो जाते हैं। अतः जिनमन्दिर पर ध्वजारोहण करना चाहिए। जिस जिनबिम्ब को पूजते हुए एक सौ वर्ष व्यतीत हो गये और जिस जिनबिम्ब को उत्तम पुरुषों ने स्थापित किया है, वह जिनबिम्ब यदि अंगहीन है, तो भी पूज्य है, उसका पूजन निष्फल नहीं है जो जिनबिम्ब शुभ लक्षणों से युक्त हो, शिल्पशास्त्र में प्रतिपादित नाप तौल वाला हो, अंग और उपांग से सहित हो और प्रतिष्ठित हो, वह यथायोग्य पूजनीय है। किन्तु जो जिनबिम्ब नासा, मुख, नेत्र, हृदय नाभिमण्डल इतने स्थानों पर यदि अंगहीन हो तो वह प्रतिमा नहीं पूजनी चाहिए। यदि कोई प्रतिमा प्राचीन हो और अतिशययुक्त हो, तो वह अंगहीन भी पूजने योग्य है। किन्तु शिरहीन प्रतिमा कदापि पूजने योग्य नहीं है। उसे गहरे पानी अर्थात् नदी, समुद्रादिक में विसर्जित कर देना चाहिए।

देवगृह में पूजा करने की दिशा एवं फल

वास्तु के अनुसार श्रावक को घर बनाते समय देवगृह बनाने का निर्देश देते हुए कहा है कि श्रावक को अपने घर की पूर्व की दिशा में श्रीगृह बनाना चाहिए, आग्नेय दिशा में रसोई बनवाना चाहिए, दक्षिण दिशा में शयन करना चाहिए, नैऋत्य दिशा में आयुध आदि रखना चाहिए, पश्चिम दिशा में भोजन क्रिया करना चाहिए, वायव्य दिशा में धनसंग्रह करना चाहिए, उत्तर दिशा में जलस्थान रखना चाहिए और ईशान दिशा में देवगृह बनवाना चाहिए। जो श्रावक अंगुष्ठ प्रमाण भी जिनबिम्ब का निर्माण कराके नित्य पूजन करता है, वह असंख्य पुण्य का उपार्जन करता है। पूजन करने के संदर्भ में कहा गया है कि पुरुष पूर्व दिशा में अथवा उत्तर दिशा में मुख करके जिनेन्द्र का पूजन करे। दक्षिण दिशा में और विदिशाओं में मुख करके पूजन नहीं करना चाहिए। जो पुरुष पश्चिम दिशा की ओर मुख करके श्री जिनेश्वर देव की पूजा करेगा, उसकी संतान का विच्छेद होगा और दक्षिण दिशा में मुख करके पूजन करने वाले को संतान नहीं होगी। आग्नेय दिशा में मुख करके पूजा करने वाले को दिन प्रतिदिन धन की हानि होती है। वायव्य दिशा में मुख कर पूजन करने वाले को संतान नहीं होती है, नैऋत्य दिशा में मुखकर पूजन करने वाले का कुल क्षय होता है। ईशान दिशा में मुख करके पूजा नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह सौभाग्य का अपहरण करती है। शान्ति और पुष्टि के लिए पूर्व दिशा में मुख करके पूजन करना चाहिए। उत्तर दिशा में मुख करके पूजन करने से धन की प्राप्ति होती है। गृहस्थों को तिलक लगाए बिना पूजन नहीं करनी चाहिए। चरण, जाँघ, हाथ, कन्धा, मस्तक, भाल,

कण्ठ, हृदय, भुजा और उदर इन नव स्थानों पर तिलक चिह्न करके सदा पूजा करनी चाहिए। तिलक के बिना इन्द्र की पूजा भी निरर्थक है।[25]
जिन मन्दिरों के निर्माण में 18 प्रकार के स्पृश्य शूद्र ग्रहण किये गये हैं शेष अस्पृश्य शूद्रों को वर्जित किया गया है।[26]

कृत्रिम जिनबिम्बों का माप

कृत्रिम प्रतिमाओं का निर्माण होने के बाद पंचकल्याणक प्रतिष्ठा कराकर मन्दिर में स्थापना कराने की पद्धति प्राचीन काल से चली आ रही है। ये प्रतिमाएँ अचल और चल के भेद से दो प्रकार की होती हैं। गर्भगृह की मूल वेदि पर मूल नायक भगवान् और उनके आजू–बाजू में स्तनसूत्र के माप से विराजमान प्रतिमाएँ अपने स्थान पर स्थिर अचल ही होती हैं। अचल प्रतिमाएँ अपने–अपने स्थान पर स्थिर रहती हैं, किन्तु चल प्रतिमाएँ विशिष्ट अवसरों पर मूल वेदि से उठाकर अस्थायी वेदियों पर एवं गंध कुटी में विराजमान कर स्थानान्तर में भी लायी जा सकती हैं। कृत्रिम चल अथवा अचल प्रतिमा का निर्माण कराते समय उसके माप के विषय में यह ध्यान देना चाहिए कि प्रतिमा का माप विषम संख्या में हो अर्थात् अंगुल, इंच, फुट आदि विषम संख्या में होना चाहिए। सम संख्या में होने पर वह स्थापना करने वाले तथा उस नगर के आराधक भक्तों को कष्ट देने वाली होती हैं।

अकृत्रिम जिनबिम्बों का माप द्वारमान के आधार पर बनाया जाता है अर्थात् मन्दिर में मुख्य द्वार की ऊँचाई जितनी होती हैं, उसके आठ या नव भाग करके उसमें से ऊपर का एकभाग छोड़कर शेषभाग के तीन भाग करने पर उसमें से दो भाग की खड्गासन मूर्ति तथा एकभाग प्रमाण का आसन बनवाना चाहिए। पद्मासन मूर्ति निर्माण के विषय में कहा गया है– द्वार की ऊँचाई के बत्तीस भाग करने पर उसमें से 14,13,12 भाग की पद्मासन मूर्ति तथा 16,15,14 भाग की खड्गासन प्रतिमा विराजमान करनी चाहिए।[27]

मध्यलोक में मन्दिर निर्माण की परम्परा

भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही देवगृह के निर्माण का प्रचलन रहा है। भक्त अपने गृह से देवगृह को सुन्दर एवं सुसज्जित बनाने में अति आनन्द की प्राप्ति करता है।

जैन संस्कृति के इतिहास में मन्दिर निर्माण के विषय में कोई नियत समय निश्चित नहीं है, क्योंकि जैन संस्कृति अनादिनिधन संस्कृति के नाम से प्रसिद्ध है तथा जिसकी संस्कृति अनादिनिधन है उसके देवता, देवप्रतिमा तथा देवगृह के निर्माण अनादि काल से होते रहे हैं। जैनागम में देवताओं के जिनमन्दिर आदि

85697481 तथा अकृत्रिम चैत्यालय में 9255327948 जिनप्रतिमाएँ अकृत्रिम हैं। इसप्रकार जिन मन्दिरों के निर्माण का समय अनिश्चित है।

यदि दूसरे पक्ष से देखा जाए तो कर्मभूमि में सदा षट्काल का परिवर्तन होता रहता है, जो अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी काल क्रम से प्रवाहित होता है। जिसमें प्रथम काल सुषमा–सुषमा है जिसका काल 4 कोड़ा-कोड़ी सागर प्रमाण, द्वितीय काल सुषमा 3 कोड़ा-कोड़ी सागर प्रमाण, तृतीय काल सुषमा–दुषमा 2 कोड़ा -कोड़ी सागर प्रमाण, चतुर्थ काल सुषमा–दुषमा 1 कोड़ा-कोड़ी सागर में 42 हजार वर्ष कम प्रमाण, पंचम काल दुषमा 21 हजार वर्ष प्रमाण तथा षष्ठ काल 21 हजार वर्ष प्रमाण है। इन छह कालों में परिवर्तन उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी की तरह उतरते और चढ़ते क्रम से घड़ी की सूइयों की तरह होता है। इन छह कालों में प्रथम तीन काल भोगभूमि के नाम से जाने जाते हैं जिनमें धर्म और धार्मिक जीवों का अभाव होता है, इसमें कर्म भी नहीं किया जाता मात्र भोग किया जाता है, इस कारण इसे भोगभूमि कहते हैं और जहां धर्म और कर्म नहीं होता वहाँ जिनप्रतिमा और जिनमन्दिर नहीं होते हैं। परन्तु जैसे–जैसे काल का परिवर्तन होता गया वैसे–वैसे भोगभूमि का अभाव होता गया और कर्म भूमि का प्रारम्भ चतुर्थ काल के रूप में हुआ। इस समय धर्म एवं कर्म से अनभिज्ञ लोगों को समझाने के लिए चौदह कुलकरों की उत्पत्ति होती है तथा 14वें कुलकर का पुत्र प्रथम तीर्थंकर होता है। भगवान् के जन्म लेने पर सौधर्म इन्द्र भगवान् की आज्ञा से जिनमन्दिर का निर्माण कराता है।[28] यही कर्मभूमि का काल जैनदर्शन के अनुसार मन्दिर निर्माण का प्रारम्भ काल कहलाया।

मन्दिर शब्द का अर्थ

मन्दिर शब्द का अर्थ संस्कृत में देवालय भी होता है आवास गृह भी परन्तु हिन्दी में वह प्राय: देवालय के अर्थ में ही है। जैन साहित्य में एक शब्द और भी इस अर्थ विशेष रूप में प्रयोग होता है, वह है आयतन जिसका प्रयोग जिनायतन के अन्तर्गत होने लगा और उसके भी बाद मन्दिर, आलय, प्रासाद, गृह आदि शब्दों ने उसका स्थान ले लिया। जिनायतन शब्द के प्रचलन से एक बात सूचित होती है कि मन्दिर में जिन भगवान् का मूर्ति के रूप में निवास होता था। मूर्ति के लिए चैत्य शब्द का भी चलन था, इसीलिए चैत्यालयों में विराजमान जिनबिम्बों को अर्घ देने का विधान भी आज जैन पूजा पाठ का एक अंग है। अकृत्रिम चैत्यालयों का अर्थ है विजयार्ध पर्वत, कुलाचलों आदि पर विद्यमान शाश्वत जिनायतन जिनका निर्माण नहीं किया जाता।[29]

लोक की दिशा

वर्तमान में नक्शे की अपेक्षा से माना जाय तो ऊपर की ओर का हिस्सा उत्तर है तथा नीचे की ओर का हिस्सा दक्षिण कहलाता है। जैन दृष्टि से देखा जाय तो आचार्य यतिवृषभ ने तिलोयपण्णत्ती में लोक के विस्तार के कथन में पूर्वादि दिशाओं का निर्देश किया है– लोक की दक्षिणोत्तर चौड़ाई सर्वत्र जगत्श्रेणी 7 राजू प्रमाण है किन्तु पूर्व–पश्चिम चौड़ाई 7 राजू में कुछ कम है। अतः लोक में अधोलोक की ओर दक्षिण दिशा तथा ऊर्ध्व लोक की ओर उत्तर दिशा है। सौधर्म इन्द्र की दिशा की ओर दक्षिण दिशा तथा ईशान इन्द्र की ओर उत्तर दिशा जानना चाहिए।[30]

दूसरा प्रमाण तिलोयपण्णत्ती में प्रथम भाग में गाथा 200 के विशेषार्थ में वर्णित है कि ऊर्ध्वलोक में ब्रह्मस्वर्ग के समीप पूर्व दिशा के लोकान्तभाग से पश्चिम की ओर एक राजू आगे जाकर लम्बायमान अ–ब रेखा खींचने पर उसकी ऊँचाई 7/4 राजू होती है। अतः लोक सिद्धशिला की ओर उत्तर भाग में तथा अधोलोक की ओर दक्षिण भाग में है।[31]

वास्तु विद्या में दिशाओं के स्वामी एवं उनका महत्त्व

जैन संस्कृति में गृहस्थ को धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चार पुरुषार्थों को करने का आवश्यक निर्देश दिया गया है। जिसमें गृहस्थ प्रारम्भ के तीन पुरुषार्थों को घर में रह कर तथा मोक्ष पुरुषार्थ को घर त्याग कर पालन करता है। गृहस्थी में रहने वाला मानव अपनी आवश्यकता की पूर्ति घर में ही रहकर करता है जिसमें उसके लिए घर में धर्म, अर्थ, काम, पुरुषार्थ के लिए पूजास्थल, भोजनशाला, जलसंग्रहण स्थल, शौचालय, संग्रहणकक्ष, शयनकक्ष, अतिथिकक्ष, स्वागत कक्ष, वाहन स्थान, स्नानागार, अध्ययनकक्ष आदि सुविधाएँ आवश्यक हैं। वह इन सुविधाओं से सम्पन्न करके अपने घर को स्वर्ग तुल्य बनाना चाहता है। इन सभी सुविधाओं को घर में व्यवस्थित रूप से बनाने के लिए मानव के पास पृथ्वी का छोटा सा भाग ही होता है तथा उसमें चार दिशाएँ, चार विदिशाएँ और मध्य बिन्दु ये नवभाग होते हैं। इन नवभागों के नव स्वामी हैं जिनका स्वभाव इन नव भागों को प्रभावित करता है। पूर्व दिशा का स्वामी इन्द्र, आग्नेय दिशा का अग्नि, दक्षिण दिशा का यम, नैऋत्य दिशा का निऋति, पश्चिम दिशा का वरुण, वायव्य दिशा का वायु, उत्तर दिशा का कुबेर, ऐशान दिशा का ईशान, और ब्रह्म स्थान का ब्रह्म, स्वामी है। इन आठ दिशाओं–विदिशाओं में तथा ब्रह्म स्थान की उपमा स्वर्ग में रहने वाले इनके स्वामी के निवास स्थान से की जाए तो दिशाओं की वास्तविकता का ज्ञान हो सकता है।

ऐशान दिशा

प्रकृति चक्र का प्रस्थान बिन्दु है ऐशान। उसका प्रभावक तत्त्व है जल, जो शान्ति का प्रतीक है, इसीलिए ऐशान दिशा शान्तिदायक है। इस दिशा का अधिष्ठाता है ईशान जिसे शान्तिदायक माना गया है। संस्कृत में ऐशान दिशा ईश शब्द से निष्पन्न है। ईश ईश्वर अर्थ में प्रयुक्त होता है जिसकी आदि वृद्धि होकर ऐशान शब्द की निष्पत्ति होती है। जैनदर्शन में तीर्थंकर शब्द भी शान्तिदायक अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।[32] इन धर्मचक्र के प्रवर्तकों का स्थान, देवालय इसीलिए ऐशान दिशा में बनाया जाता है। अतः ईश जिस स्थान में प्रतिष्ठित है, उसे ऐशान दिशा कहते हैं। तिलोयपण्णत्ती में आचार्य यतिवृषभ ने ऐशान दिशा का महत्त्व बताते हुए कहा है–

सक्कस्स मंदिरादो, ईसाण दिसे, सुधम्मणाम सभा।
ति सयस्स कोस उदया, चउ सय दीहा तदद्ध वित्थारा॥
तत्थेसाण दिसाए, उववाद सभा हुवेदि पुव्व सभा।
दिप्पंत रयण सेज्जा, विण्णास विसेस सोहिल्ला॥
तीए दिसाए चेट्ठदि, वर रयणमओ, जिणिंद पासादो।
पुव्व सरिच्छो अहवा पंडुग जिणभवण सारिच्छो॥

अर्थात् सौधर्म इन्द्र के भवन से ईशान दिशा में तीन सौ कोस ऊँचाई, चार सौ कोस लम्बी और इससे आधा दो सौ कोस विस्तार वाली सुधर्मा सभा है तथा वहाँ ईशान दिशा में पूर्व के सदृश उपपाद सभा है। यह सभा देदीप्यमान रत्न शय्याओं सहित विन्यास विशेष से शोभायमान है। उसी दिशा में पूर्व के सदृश अथवा पाण्डुक वन संबंधी जिनभवन के सदृश उत्तम रत्नमय जिनेन्द्र प्रसाद हैं। अर्थात् सौधर्म इन्द्र का संचालन स्थान सुधर्मा सभा ईशान दिशा में है जहाँ से वह स्वर्ग दिशा का संचालन शान्तिपूर्वक करता है तथा पूजा अराधना के लिए ईशान दिशा में अकृत्रिम चैत्यालय है जहाँ शान्तिदायक अरिहन्त भगवान् की प्रतिमा विराजमान है।[33]

जल संसाधन और उससे लगे हुए देवालय या पूजा कक्ष के लिए ऐशान दिशा का विधान है, क्योंकि पूर्व से उदित होते सूर्य की किरणें जल को शुद्ध बनाए रखती हैं और स्नान तथा पूजा के लिए उपस्थित लोगों का तन–बदन प्रफुल्लित कर देती हैं, उन्हें विटामिन डी भी देती हैं।

प्रकृति का सबसे बड़ा वरदान सूर्य है। उनका स्वागत करने के लिए मानो पूर्व या पूर्वोत्तर में सिंहद्वार, प्रवेश द्वार, अन्य द्वार तथा बहुत सी खिड़कियाँ बनाने का विधान है। पूर्वोत्तर यानी ऐशान दिशा में भूमि दक्षिण पश्चिम की अपेक्षा नीची

रखी जाए ताकि सूर्य-किरणें अधिक से अधिक मात्रा में गृह प्रवेश करके वातावरण को प्रदूषण से मुक्त कर सकें।

इसीलिए प्रायः सभी शुभ कार्य ऐशान दिशा से उन्मुख होकर करने से सफल होते हैं, उदाहरण के लिए चक्रवर्ती की विजय यात्रा इसी दिशा से आरंभ होती है, इष्टदेव की परिक्रमा इसी दिशा से दक्षिण–पूर्व रास्ते से, आगे बढ़ती है, इसीलिए दक्षिणावर्त परिक्रमा को प्रदक्षिणा भी कहते हैं।

पूर्व दिशा

पूर्व दिशा का स्वामी सौधर्म इन्द्र का लोकपाल सोम है। आचार्य यतिवृषभ ने तिलोयपण्णत्ती में कहा है

तम्मंदिर बहुमज्झे कीडण सेलो विचित्त रयणमओ।
सक्कस्स लोयपालो, सोमो कीडेदि पुव्व दिस णाहो॥

अर्थात् उस भवन के बहुमध्य भाग में अद्भुत रत्नमय एक क्रीड़ा शैल है। इस पर्वत पर पूर्वदिशा का स्वामी सौधर्म इन्द्र का सोम नामक लोकपाल क्रीड़ा करता है[34] तथा उसके विमान का नाम बताते हुए कहा है–

आउट्ठ कोडि आहिं कण्णज इत्थीहि परिउदो सोमो।
अद्धिय पण पल्लाउ रमदि सयंपह विमाण पहू॥

अर्थात् अढ़ाई पल्य प्रमाण आयुवाला स्वंप्रभ विमान का स्वामी सोम नामक लोकपाल साढ़े तीन करोड़ कल्पवासिनी देवियों से परिवृत्त होता हुआ रमण करता है तथा सोम लोकपाल के विमानों का परिवार 6 लाख 66 हजार 666 है। आचार्य यतिवृषभ ने सोम को पूर्व दिशा का स्वामी कहा है तथा वास्तुकारकों ने इन्द्र को पूर्व दिशा का स्वामी कहा है। यद्यपि इन्द्र पूर्वमुखी अपने आसन में विराजता है। उस इन्द्र की पूर्व दिशा में सोम लोकपाल निवास करता है जिससे सौधर्म इन्द्र के विमान की पूर्व दिशा का स्वामी इन्द्र है।[35]

आग्नेय दिशा

पूर्व और दक्षिण दिशा के मध्य का स्थान आग्नेय दिशा कहलाती है। इसका स्वामी अग्नि है। इस दिशा का तत्त्व भी अग्नि ही है। तिलोयपण्णत्ती के अनुसार भवनवासी देवों में अग्निकुमार जाति के देवों का इन्द्र अग्निशखी दक्षिणेन्द्र होने के कारण पूर्व और दक्षिण के मध्य में निवास करता है। वह यहाँ से अपने शासन का संचालन करता है। इस दिशा में इसके 40 लाख भवन हैं जिनमें ईशान दिशा की ओर जिनमन्दिर बने हुए हैं।[36]

अनुमानतः यह कहा जा सकता है कि अग्निकुमार देव का स्वभाव भी अग्नि

की तरह गर्म, तेजयुक्त होता है जिस कारण वह जिस स्थान में रहता है, उस स्थान को भी अपने तेज से गर्म कर देता है जिसे आग्नेय विदिशा के नाम से भी जाना जाता है तथा इसमें भोजनशाला विद्युत उपकरण अग्नि संबंध भी कार्य करने का निर्देश दिया गया है। यदि दूसरे पक्ष से देखें तो प्राकृतिक कारण भी नजर आता है। तिलोयपण्णत्ती के अनुसार सूर्य का विमान अर्द्धचन्द्राकार है[37] जिससे सूर्यकान्त मणि के कारण प्रातः सबसे पहले सूर्य अपनी किरण से ऐशान, पूर्व तथा आग्नेय दिशा–विदिशा को प्रभावित करता है। तल भाग से अग्नि इन्द्र के स्वभाव के कारण से पृथ्वी का आग्नेय कोण तप्त रहता है तथा ऊपर से सूर्य की तप्त किरणें उसे तप्तायमान कर देती हैं जिससे उसका ऊष्णपना सदैव बना रहता है।

दक्षिण दिशा

पूर्व दिशा के दाएं भाग को दक्षिण दिशा कहतें हैं। दक्षिण दिशा से ही सूर्य अपना चक्कर लगाना प्रारम्भ करता है। इस कारण वह दक्षिणायन होता है तथा जिनमन्दिर में भी पूर्व से दक्षिण की ओर होकर परिक्रमा लगायी जाती है। घूमने वाले जितने भी उपकरण हैं वह दक्षिण की ओर से ही प्रदक्षिणा देते हैं। वास्तव में प्रकृति का चक्र ही दक्षिणावर्त है, सूर्य का भ्रमण इसका सबसे बड़ा प्रमाण है, उसी के अनुकरण पर घड़ी चलती है, बिजली का पंखा चलता है, चक्कर काटने वाली हर चीज दक्षिणावर्त चलती है, जब तक कि कोई विशेष व्यवस्था न की गई हो। तिलोयपण्णत्ती में दक्षिण दिशा के स्वामी के विषय में कहा है– ''पाण्डुक वन के मध्य में चूलिका के पास दक्षिण दिशा की ओर अंजन नामक भवन है। इसका विस्तारादिक पूर्वोक्त भवन के ही सदृश है तथा अंजनभवन के मध्य में अरिष्ट नामक विमान का प्रभु यम नामक लोकपाल काले रंग की वस्त्रादिक सामग्री सहित रहता है तथा वहाँ अरिष्ट विमान के परिवार विमान 6 लाख 66 हजार 666 है[38] तथा वहाँ पर दक्षिण दिशा में प्रतीन्द्र का निवास स्थान भी बना हुआ है''।[39]

इस प्रकार दक्षिण दिशा का स्वामी प्रभु यम नामक लोकपाल को निर्धारित किया गया। वास्तुकारों ने भी दक्षिण दिशा के स्वामी का नामोल्लेख यम ही किया है। वैदिक परम्परा में यम यमराज का द्योतक है जो व्यक्ति के प्राणहरण का कार्य करता है। परन्तु जैन दर्शन में यम लोकपाल मात्र रक्षक देव है जो सौधर्म इन्द्र के विमान की दक्षिण दिशा की रक्षा करता है। प्राणहरण करने वाला नहीं है। जैन दर्शन में समाधिमरण प्राप्त साधक को अंतिम समय में दक्षिण दिशा की ओर पैर करके शयन की आज्ञा दी गयी है तथा दक्षिण दिशा में पैर करने से प्राण

अत्यधिक सरलता से निकल जाते हैं, ऐसी मान्यता है। परन्तु दक्षिण दिशा का स्वामी यम प्राण हरण करता है यह बात युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होती है। इसका कोई अन्य कारण अवश्य होगा।

नैऋत्य दिशा

दक्षिण और पश्चिम के मध्य की विदिशा को नैऋत्य विदिशा कहते हैं। वैदिकों में नैऋत्य दिशा का स्वामी निऋति माना गया है जिसका संस्कृत अर्थ क्षय या विनाश होता है।[40] यह दिशा दक्षिण पश्चिम हवाओं के कारण से सदैव विनाश को प्राप्त होती है। नैऋत्य दिशा में त्रायस्त्रिंश जाति के देव एवं परिषद् जाति के देवों के निवास स्थान हैं।[41]

पश्चिम दिशा

पश्चिम का अर्थ है पश्चभाग अर्थात् पूर्व दिशा के पीछे का भाग पश्चिम कहलाता है। इसका स्वामी वरुण है। इसका स्वभाव चंचल है।[42] तिलोयपण्णत्तीकार ने पश्चिम दिशा के विषय में कहा है कि पाण्डुक वन के मध्य में चूलिका के पास पश्चिम दिशा में पूर्वोक्त भवन के सदृश व्यासादि सहित हारिद्र नामक प्रासाद है। उस प्रासाद में सदैव कुछ कम तीन पल्य प्रमाण आयु का धारक जलप्रभ नामक विमान का प्रभु वरुण नामक लोकपाल रहता है। जलप्रभ विमान के परिवार विमान 6 लाख 66 हजार 666 हैं।[43]

वायव्य दिशा

पश्चिम दिशा और उत्तर दिशा के मध्य का भाग वायव्य विदिशा कहलाती है। यह वायुकुमार देवों के इन प्रभंजन कुमार का निवास स्थल है जो उत्तरेन्द्र है। इसके 46 लाख भवन हैं।[44] वायुकुमार देवों की प्रकृति अनुमानत: वायुकारक है तथा प्राकृतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो उत्तरी पश्चिम हवाओं का प्रकोप सदैव बना रहता है जिससे वायु का दबाव इस दिशा में अधिक होता है। तिलोयपण्णत्तीकार ने सौधर्म स्वर्ग के वायव्य कोण में सामानिक देवों का निवास बताया है।[45]

उत्तर दिशा

उत्तर दिशा सभी फलों को देने वाली सुखदायी दिशा है। इसका स्वामी कुबेर होता है। जो लोक व्यवहार में धन का देवता माना गया है। उत्तर दिशा में ही जैनमत के अनुसार विदेह क्षेत्र विद्यमान है। जहाँ सदैव तीर्थंकर विद्यमान रहते हैं। तिलोयपण्णत्ती में उत्तर दिशा के विषय में वर्णन करते हुए कहा गया है कि उस पाण्डुक वन के मध्य में चूलिका के पास उत्तर विभाग में पूर्वोक्त भवन के सदृश विस्तार वाला पाण्डुक नामक प्रासाद है। उस उत्तम प्रासाद में कुछ कम

रहता है तथा वल्गुप्रभ नामक उत्तम विमान के परिवार विमान 6 लाख 66 हजार 666 है तथा उस वन के मध्य में चूलिका से पूर्व की ओर सौ कोस प्रमाण उत्तर दक्षिण दीर्घ और पचहत्तर कोस प्रमाण ऊँचा जिनेन्द्र प्रासाद है।[46] इस प्रकार उत्तर दिशा कुबेर का निवास स्थान होने के अतिरिक्त जिनेन्द्र भगवन्तों के जिनभवन का स्थान भी है तथा विदेह क्षेत्र की मुख्य दिशा भी यही है।

ब्रह्म स्थान

सभी दिशाओं के मध्य बिन्दु को ब्रह्म स्थान कहते हैं। यह वास्तु पुरुष का मर्मस्थान भी कहलाता है। इस स्थान में किसी भी प्रकार का कार्य करना अशुभ माना गया है। तिलोयपण्णत्तीकार ने कहा है कि -

बम्हुत्तरहेट्ठुवरिं रज्जु घणा तिण्णि होंति पतेक्कं।
लंतव कप्पम्मि दुगं रज्जु घणो सुक्क कप्पम्मि॥

अर्थात् ब्रह्मोत्तर स्वर्ग के नीचे और ऊपर का क्षेत्र समान माप वाला है अर्थात् यह स्वर्ग का केन्द्र बिन्दु है।[47] यहाँ पर एकभावातारी लोकान्तिक देव निवास करते हैं जो ब्रह्मचारी होते हैं तथा इनका स्थान अत्यधिक पवित्र है। यह स्वर्ग प्रथम स्वर्ग से 3.5 रांजू प्रमाण है।

इसीलिए गृह या मंदिर के केन्द्र बिन्दु में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करते तथा गृह के मध्य में पौधे आदि लगवा देते हैं जिससे किसी के पैर उस पर न पड़ें तथा मंदिर के मध्य में वेदिका आदि बनवा कर उसकी अविनय होने से बचाते हैं।

यह सभी स्थानों को स्वर्गों के स्थानों से तुलना करने का तुच्छ प्रयास है। वैदिक मान्यता में देवों को पूजनीय मान कर दिशाओं की पूजा करने की परम्परा है जो जैनदर्शन की मान्यता से पृथक् है। अतः स्वर्गों को देवों के स्थान का प्रतीक माना है न कि देवों का निवास माना है।

जिनालय एवं जिनबिंब निर्माण के लाभ

जिनप्रतिमा का निर्माण कराने से जीव संसार के पार उतरता है। जिनभवन की टीका, छाप और आरस पलस्तर करने से समीहित स्थान की प्राप्ति होती है। जो जिनभवन को सफेदी कराकर धवल करता है उसका यश कहीं भी नहीं समाता। शरद् ऋतु से मिली हुई किरणों का समूह समस्त जगत् को धवलित कर देता हैं। जो मनुष्य जिनवर की प्रतिष्ठा करता है, उसकी कीर्ति जगत् में फैलती है। पूर्णमासी के चन्द्र के गुणों से प्रसार को प्राप्त होती हुई समुद्र की तरंगों को कौन रोक सकता है? जो जिनदेव की आरती करता है, उसका सम्यक्त्व उद्योत होता

है। सुर गिरि की प्रदक्षिणा देता हुआ सूर्य समस्त भुवन को प्रकाशित करता है। जिनभवन पर तिलक देने से अर्थात् शिखर पर कलशा चढ़ाने से जगत् में उसका अनुराग नहीं समाता जैसे चंद्रकांत मणि चन्द्रमा की किरणों से मिलकर पानी देने से नहीं रुकता है। जिन भगवान् को चढ़ाये हुए मणि मंडित विशाल चन्दोवा ऐसे प्रतीत होते हैं जैसे ग्रह और तारागण की माला चन्द्रमा से सम्बद्ध हुई हो। जिनमंदिर में बजता हुआ घंटा भव्यजनों का उत्साहवर्धक एवं पापहारक होता है। पूर्ण चन्द्र वाली रात्रि कुमुदों को आनन्द देनेवाली और अंधकार को हरने वाली होती है। जिन भगवान् को ध्वजा, चमर और छत्र चढ़ाने से राज्य प्राप्त होता है। यदि प्ररोहों, जटाओं के निकलने से वट वृक्ष विस्तृत हो तो कोई आश्चर्य नहीं है।

जिनमंदिर में मांडने लिखने से मनोवांछित लक्ष्मी प्राप्त होती है और महापुण्य होता है। उसके फल को कहने के लिए कोई भी समर्थ नहीं है। जम्बूद्वीप, समवसरण, नंदीश्वर द्वीप और तीनों लोकों की रचना को जिनेन्द्र भवन में लिखवाने से सकल दुःखों की हानि होती है।[48]

निष्कर्ष-

जैन दर्शन में जीव दो कारणों के कारण संसार में जीवन यापन करता है- प्रथम उपादान कारण एवं द्वितीय निमित्त कारण। आत्म परिणामों को उपादान कारण कहते हैं तथा आत्मपरिणामों में जिनकारणों से परिवर्तन होता है उसको निमित्त कारण कहते हैं। जिस जीव के पास केवल उपादान कारण की प्रबलता पाई जाती है उन्हें मुक्त जीव कहते हैं तथा जिसके पास केवल निमित्त कारण की प्रबलता रहती है वे अजीव कहलाते हैं। परन्तु जिसके पास निमित्त और उपादान दोनों कारणों की प्रबलता रहती है वे संसारी जीव कहलाते हैं।

उदाहरण स्वरूप मुक्त जीव उपादान कारण की प्रबलता से निमित्त कारण कर्मों का नाशकर मोक्ष प्राप्त करते हैं तथा जिनमें मात्र निमित्त कारण हैं, उसे भोगने की क्षमता उपादान कारण में नहीं है वे अजीव द्रव्य कहलाते हैं तथा कर्म रूपी निमित्त हेतु के कारण आत्म परिणाम रूपी उपादान कारण में परिवर्तन जिनके होता है वे संसारी जीव हैं।

संसारी जीव के जीवन में कभी उपादान की प्रबलता अधिक होती है तो कितने भी निमित्त मिलें, विजय उपादान की होती है तथा कभी निमित्त की प्रबलता अधिक होने से कितना भी पुरुषार्थ करे निमित्त की विजय होती है।

वर्तमान युग में जनमानस में निमित्त की प्रबलता अधिक प्रगाढ़ होती जा रही है।

वर्तमान युग में जनमानस में निमित्त की प्रबलता अधिक प्रगाढ़ होती जा रही है। लोगों का कर्म सिद्धांत से विश्वास उठता जा रहा है। वह निमित्त की क्रियाओं जैसे वास्तु विधान, ज्योतिष, क्रियाकर्म आदि क्रियाओं को अधिक महत्त्व दे रहा है और स्वयं के भाग्य पर विश्वास ही नहीं करता। इसकी अपेक्षा यदि मानव भाग्य पर विश्वास कर पुरुषार्थ करता है तो जीवन में अधिक सफल होता है।

जीवन में बहुत अधिक अवसर आते हैं कि जब व्यक्ति को कुछ क्रियाओं को भाग्य के सहारे छोड़ना पड़ता है तो कुछ पर स्वयं पुरुषार्थ करना पड़ता है। जीव पाप के उदय से दुःख पाता है तथा पुण्य के उदय से सुख का अनुभव करता है। जब जीव के पाप का उदय होता है तो अनेक ऐसे निमित्त उपस्थित हो जाते हैं जो पूर्व में सुख के कारण थे परन्तु वर्तमान में दुःख के कारण हो जाते हैं। जहाँ जीव के उपादान की मुख्यता होती है वहीं निमित्त भी कार्यकारी होता है। जैसे पुण्य का संचय करने के लिए जिनेन्द्र भगवान् का मंदिर बनवाना तथा यथायोग्य पूजा आदि करना तथा पाप का संचय करने के लिए कत्लखाने आदि का खोलना आदि कार्य के निमित्त से पुण्य-पाप रूप उपादान में शक्ति आती है।

इन निमित्तों को देखकर ही आचार्यों ने वास्तु एवं ज्योतिष का कथन किया जिससे जीव उचित समय में सम्यक् स्थान का चयन करके शुभोपयोग में आत्मपरिणाम को लायें जिससे पुण्य का उपार्जन हो तथा जिनमंदिर आदि पूजा के एवं साधर्मियों के योग्य धार्मिक स्थानों का चयन कर निर्माण कराकर सातिशय पुण्य का उपार्जन कर परम्परा से मोक्ष की प्राप्ति करें।

सन्दर्भ :

1. राजवार्तिक, अध्याय-9, सूत्र-25, वार्तिक-3, पृष्ठ-624
2. बृहद्द्रव्य संग्रह, पृष्ठ-101
3. कार्तिकेयानुप्रेक्षा, मूलगाथा-283,सम्पा.– पं. महेन्द्र कुमार पारणी, श्री वीतराग विज्ञान प्रकाशिनी ग्रन्थमाला, खण्ड 9, वी.नि. 2500
4. वस निवासे, नामक परस्मैपदी धातु, पाणिनि व्याकरण के अनुसार, प्रथम भ्वादिगण, सिद्धान्त कौमुदी सूत्र-1074
5. तिलोयपण्णत्ती, भाग-1, पृष्ठ-268
6. वत्थुविज्जा, मंदिर शिल्प, पृष्ठ-125
7. तिलोयपण्णत्ती, भाग-2, गाथा-1870-71, 77 अधिकार चतुर्थ पृष्ठ -526-27
8. वत्थुविज्जा, मंदिर शिल्प, पृष्ठ -108
9. त्रिलोकसार गाथा- 978
10. बृहद्द्रव्य संग्रह, पृष्ठ-124
11. त्रिलोकसार गाथा-214-16

13. वही, 502- 03
14. वही, 639
15. वही, 648
16. तिलोयपण्णत्ती, भाग-3, गाथा-137-40, अधिकार-8, पृष्ठ -374, बृहद्द्रव्य संग्रह, पृष्ठ-127
17. त्रिलोकसार गाथा-489
18. वही, 490
19. वही, 491
20. वही, 492
21. वही, 493
22. वही, 507
23. वही, 508
24. वही, 515
25. उमास्वामी श्रावकाचार, श्लोक, 97-122, श्रावकाचार संग्रह भाग-3, पृष्ठ-160-162
26. वही, श्लोक -154, श्रावकाचार संग्रह भाग-3, पृष्ठ -165
27. वत्थुविज्जा, मंदिर शिल्प, पृष्ठ-130
29. आदिनाथ पुराण, पृष्ठ -359, पर्व 16,भाग-1, श्लोक 149-150
30. तिलोयपण्णत्ती, भाग-1, गाथा-285, पृष्ठ -120
31. वही, भाग-1, गाथा-200, पृष्ठ -64
32. त्रिलोकसार, गाथा-548, पृष्ठ -239
33. निर्लेपस्य जिनेन्द्रस्य व्योम मूर्तेरमहाध्वरे ।
    व्योम केशस्य दिग्भागं कुर्महेदर्भ गर्भितम्।। जिनेन्द्र पूजा विधान, 10
34. तिलोयपण्णत्ती, भाग-3, अधिकार, गाथा-1839, पृष्ठ-4
35. वही, भाग-1, गाथा-1840, अधिकार 4,पृष्ठ -520
36. वही, भाग-2, गाथा-1864 1865, अधिकार 4, पृष्ठ -520
37. वही, भाग-1, गाथा-17, 20, अधिकार 3, पृष्ठ -269, 270
38. वही, भाग-3, गाथा-66, अधिकार 5, पृष्ठ -257
39. वही, भाग-2 गाथा-1843-45, पृष्ठ -521
40. वही, भाग-2 गाथा-1976, पृष्ठ -542
41. संस्कृत हिन्दी कोश, पृष्ठ -520
42. तिलोयपण्णत्ती, भाग-2 गाथा-1981-982, पृष्ठ -543
43. वही, भाग-1, गाथा-1847-49, अधिकार 4,
44. वही, भाग-2, गाथा-1871-73, अधिकार 4,
45. वही, भाग-2, गाथा- 19, 21 अधिकार 4,
46. वही, भाग-1, अधिकार -4, गाथा- 1851-53
47. वही, भाग-1, अधिकार -1, गाथा-209,
48. वही, भाग-1 गाथा-210, पृष्ठ -69
49. वसुनन्दि श्रावकाचार, श्लोक -192-202, श्रावकाचार संग्रह भाग-1, पृष्ठ -500-501

सन्दर्भ :

1. आदिपुराण, आचार्य जिनसेन, प्रकाशक भारतीय ज्ञानपीठ , दिल्ली, 1999
2. कार्तिकेयानुप्रेक्षा, आचार्य कार्तिकेय स्वामी, सम्पा.-ए.एन.उपाध्ये, श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल, अगास, 1997
3. तिलोयपण्णत्ती, आचार्य यतिवृषभ, सम्पा.-हीरालाल जैन एवं ए. एन. उपाध्ये, संस्कृति-संरक्षक-संघ, सोलापुर, 1951
4. त्रिलोकसार, आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्ती, भाषाकार -पं. श्रीटोडरमल जी, प्रका. -हिन्दी जैनसाहित्य प्रसारक कार्यालय, हीराबाग पो. गिरगांव बम्बई 1918
5. बृहद्द्रव्य संग्रह, आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्ती, टीका-ब्रह्मदेव सूरि, प्रका.- श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल अगास, वीर निर्वाण संवत् 2492
6. राजवार्तिक, आचार्य अकलंकदेव, सम्पा.-प्रो. महेन्द्रकुमार जैन न्यायाचार्य, प्रका.-भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1953
7. श्रावकाचार संग्रह, सम्पा.- पं. हीरालाल शास्त्री, प्रका.-जीवराज जैन ग्रंथमाला सोलापुर, 1988
8. वत्थुविज्जा, मंदिर शिल्प, आर्यिका विशुद्धमती माताजी, प्रका.-भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, 2000
9. वास्तु चिंतामणि, आचार्य देवनन्दि, सम्पा.-नरेन्द्र कुमार बड़जात्या, श्री प्रज्ञाश्रमण दिगम्बर जैन संस्कृति न्यास, नागपुर, 1996
10. संस्कृत हिन्दी कोश, वामन शिवराम आप्टे, अशोक प्रकाशन, दिल्ली, 2008.
11. सिद्धान्त कौमुदी, पाणिनि

****

तत्त्व विद्या के त्रिआयामी आधार–जीव, जगत् एवं उनका अन्तःसम्बन्ध

डॉ. रामनेरश जैन

किसी भी दर्शन की द्रव्यमीमांसा को उसकी तत्त्वमीमांसा का मूल आधार माना गया है। जैन दर्शन मान्य षट्द्रव्य में सम्पूर्ण सृष्टि आ जाती है। इसमें जीव, जगत्, ईश्वर अथवा ब्रह्मा एवं ब्रह्माण्ड सब कुछ समाविष्ट हो जाता है। इसलिए आत्मा, परमात्मा एवं जगत् के स्वरूप को समझने के लिए द्रव्य के स्वरूप का यथार्थ परिज्ञान होने के साथ-साथ जीव, जगत् एवं उनके अंतःसंबन्धों को भी समझना अत्यन्त आवश्यक है। प्रस्तुत लेख में लेखक ने आगमिक आधारों पर द्रव्य के स्वरूप का विवेचन करते हुए यह समझाने का प्रयास किया है कि द्रव्य के अभाव में जीव एवं जगत् की व्याख्या नहीं की जा सकती है। - **सम्पादक**

भारतीय दर्शन एवं पाश्चात्य दर्शन दोनों ने तत्त्वमीमांसा को दर्शन का मुख्य आधार माना है। तत्त्वमीमांसा की नींव पर ही ज्ञानमीमांसा और आचारमीमांसा का प्रासाद निर्मित हो सकता है। तत्त्व के मूलस्वरूप की मीमांसा करना तत्त्वमीमांसा का कार्यक्षेत्र होता है। जब तक तत्त्व के मूल स्वरूप का निर्धारण नहीं होता, तब तक दर्शन की आगे की सभी शाखाएँ आधारहीन ही रहेंगी। इस दृष्टि से जैनदर्शन में द्रव्यमीमांसा को जैनदर्शन के मूलाधार के रूप में अभिहित कर सकते हैं।

द्रव्यमीमांसा दार्शनिक जगत् का प्रमुख विमर्शनीय विषय रहा है। सभी दार्शनिकों ने अपने दर्शन के आलोक में इसका सम्यक् अवलोकन किया है। द्रव्यमीमांसान्तर्गत जीव, जगत् एवं उनके अंतःसंबन्धों पर चर्चा की जाती है, जो जैन दर्शन के परिप्रेक्ष्य में निम्नवत् है–

'द्रव्य' शब्द का अर्थ

भारतीय एवं पाश्चात्य परम्पराओं में द्रव्य शब्द का विशद् विवेचन प्राप्त होता है। अमरकोश एवं हेमचन्द्राचार्य के अभिधानचिन्तामणि नाममाला में धन के अर्थ में 'द्रव्य' शब्द प्रयुक्त हुआ है।[1] शिवराम आप्टे महोदय ने 'द्रव्य' शब्द का अर्थ सृष्टि भी किया है। सूत्रकृतांग में द्रव्य शब्द भव्य या बंधन-मुक्त प्राणी के अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है।[2] पंचाध्यायी में सत्ता, सत्व, सत्, सामान्य, द्रव्य, अन्वय, वस्तु, अर्थ और विधि–ये नौ शब्द द्रव्य के एकार्थक के रूप में स्वीकृत किये हैं।[3]

व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ

सामान्यतः 'द्रु' धातु से यत् प्रत्यय लगाने पर निपातन से द्रव्य शब्द की सिद्धि होती है। द्रु=वृक्ष या काष्ठ, वय=विकार या अवयव अर्थात् वृक्ष या काष्ठ का विकार। द्रव्य शब्द को इवार्थक निपात मानना चाहिए। **'द्रव्यं भव्य'** इस जैनेन्द्र व्याकरण के सूत्रानुसार 'द्रु' की तरह जो हो, वह द्रव्य है, यह समझ लेना चाहिए। जिस प्रकार बिना गांठ की सीधी 'द्रु' अर्थात् लकड़ी बढ़ई आदि के निमित्त से टेबल-कुर्सी आदि अनेक आकारों को प्राप्त होती है, उसी तरह द्रव्य भी उभय (बाह्य और आभ्यन्तर) कारणों से उन-उन पर्यायों को प्राप्त होता रहता है, जैसे पाषाण खोदने से पानी निकलता है, यहाँ अविभक्त कर्तृकरण है, उसी प्रकार द्रव्य और पर्याय में भी समझना चाहिए।[4]

जैन साहित्य में भिन्न-भिन्न आचार्यों द्वारा कुछ अन्तर के साथ 'द्रव्य' शब्द की भिन्न-भिन्न अर्थों में व्युत्पत्ति की गयी है। आचार्य कुन्दकुन्द पंचास्तिकाय में कहते हैं कि उन-उन सद्भाव पयार्यों को जो द्रवित होता है, प्राप्त होता है, उसे 'द्रव्य' कहते हैं, जो कि सत्ता से अनन्यभूत है।[5]

आचार्य उमास्वामी[6] कहते हैं कि **सद्द्रव्य लक्षणम्** एवं **गुणपर्यायवद् द्रव्यम्** अर्थात् सत्तास्वभाव द्रव्य का लक्षण है एवं द्रव्य गुण पर्यायवान होता है। जितनी भी द्रव्य शब्द की व्युत्पत्तियाँ स्वीकार की गई हैं, वे द्रव्य में विद्यमान गुण और पर्याय को आधार मानकर स्वीकार की गई हैं। पर्याय को आधार मानकर की गई व्युत्पत्तियों का तात्पर्य है; जो विशेष पर्यायों को प्राप्त करता है। तत्त्वार्थवार्तिक में पर्याय को आधार मानकर द्रव्य शब्द को परिभाषित करते हुए कहा है कि जो स्वतन्त्र कर्त्ता होकर अपनी पर्यायों को प्राप्त होता है अथवा अपनी पर्यायों के द्वारा जो प्राप्त किया जाता है, वह द्रव्य है।[7] इसी प्रकार गुण को आधार मानकर पूज्यपाद स्वामी कहते हैं कि जो गुणों के द्वारा प्राप्त किया गया था अथवा गुणों को प्राप्त हुआ था अथवा गुणों को प्राप्त होगा, उसे द्रव्य कहते हैं।[8]

द्रव्यमीमांसा की आवश्यकता क्यों?

कर्त्ता, क्रिया और परिणाम यह एक घटनाक्रम है। कुछ घटनाओं में ये तीनों हमारे सामने होते हैं इसलिए वहाँ कर्तृत्व का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। जहाँ परिणाम सम्मुख नहीं होता वे घटनाएँ कर्तृत्व का प्रश्न उपस्थित करती हैं। इसका सबल उदाहरण हमारा विश्व है, जिसमें हम निवास करते हैं। यह विशाल भूमण्डल किसके कुशल और सशक्त हाथों की कृति है? ये उत्तुंग शिखर वाले पर्वत किसके हाथों द्वारा निष्पन्न हुए हैं? एवं यह अनन्त आकाश आदि किसके

द्वारा निर्मित है? इन सर्व प्रश्नों का समाधान पाने का प्रयत्न सम्पूर्ण दर्शन जगत् का विषय रहा है। चाहे भारतीय हो या पाश्चात्य सभी दार्शनिकों ने इस सत्य तक पहुँचने का प्रयत्न किया कि इस विश्व का मूल क्या है? दृश्यमान जगत् का कारण क्या है? यह क्यों है? इसका कर्त्ता कौन है?

इन सभी प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयत्न सभी भारतीय दार्शनिकों ने एवं पाश्चात्य दार्शनिकों ने किया है। पाश्चात्य दार्शनिकों में से किसी ने विश्व का परम द्रव्य जल, तो किसी ने संख्या आदि स्वीकार किया है। भारतीय दर्शन जगत् की दो धाराएँ–द्वैतवाद एवं अद्वैतवाद हैं। उनमें से अद्वैतवादीधारा में जड़ाद्वैत तो जड़तत्त्व को ही सृष्टि का उपादान कारण मानता है एवं चैतन्य अद्वैतवादी चेतन तत्त्व को सृष्टि का मूल कारण मानता है। वेदान्त दर्शन भी इसी मत का समर्थक है। द्वैतवादी दर्शन जड़ और चेतन का स्वतन्त्र अस्तित्व स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार इन दो तत्त्वों की समन्विति ही संसार है। जड़ एवं चेतन की पारस्परिक क्रिया से जगत् का निर्माण होता है।

न्याय, वैशेषिक और मीमांसा दर्शन सृष्टि पक्ष में आरम्भवादी हैं। सृष्टि के प्रारम्भ में परमात्मा परमाणुओं को संयुक्त करता है। उनके संयोग का आरम्भ होने पर विश्व का निर्माण होता है। सांख्य और योग दर्शन परिणामवादी हैं। उनके अनुसार सृष्टि का कारण त्रिगुणात्मक प्रकृति है।

जैन दर्शन तो विश्व के सन्दर्भ में कहता है कि **पंचास्तिकाय मयोलोक**[9] अथवा **षड्द्रव्यात्मको लोक**[10] अर्थात् जिसमें जीव पुद्गल धर्म, अधर्म, आकाश और काल द्रव्य पाये जाते हैं, वह विश्व है। वहां सहज ही प्रश्न उत्पन्न होता है कि जीव किसे कहते हैं?

जीवद्रव्य

तत्त्वार्थसूत्र में उपयोग का लक्षण बताते हुए कहा गया है 'उपयोगो लक्षणम्'[11] अर्थात् जीव का लक्षण उपयोग है एवं जो चेतयिता, उपयोग विशेष वाला है, वह जीव है।[12] समयसार में अरस, अरूपी, अगंध स्वभाव वाला जीव को कहा है।[13] एवं द्रव्यसंग्रह में नेमिचन्द्राचार्य[14] सर्व परिभाषाओं को समादृत करते हुए कहते हैं –

जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई॥

अर्थात् जो उपयोगमय, अमूर्त्त, कर्त्ता, स्वदेहपरिमाण, भोक्ता, संसार में स्थित

सिद्ध है और स्वभाव से ऊर्ध्वगमन करने वाला है, वह जीव है।

अजीव द्रव्य

जो चेतना लक्षण से रहित हो, उसे अजीव कहते हैं। ऐसे पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल द्रव्य को अजीव द्रव्य जानना चाहिए इनमें पुद्गल द्रव्य तो मूर्तिमान है, क्योंकि रूप आदि गुणों का धारक है, शेष चारों द्रव्य अमूर्त्त हैं।।[15]

पुद्गल द्रव्य

'पुद्गल' शब्द की व्युत्पत्ति पुद्+गल अर्थात् संघात/संयुक्त और गल=गलन अर्थात् संयुक्त और वियुक्त से हुई है। तत्त्वार्थसूत्र में **'रूपिणाः पुद्गलः'**[16] कहकर पुद्गल को परिभाषित किया गया है। राजवार्तिक[17] में कहा है कि जो भेद और संज्ञात से पूरण और गलन को प्राप्त हो वह पुद्गल है, यह पुद्गल द्रव्य की अन्वर्थ संज्ञा है। द्रव्यसंग्रह[18] की टीका के अनुसार **'गलनपूरणस्वभावत्वाच्चुद्गलः'**[19] अर्थात् जो गलन और पूरण स्वभाव से सहित हो वह पुद्गल है। तत्त्वार्थसूत्र में आचार्य उमास्वामी कहते हैं कि जिसमें स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण पाया जाये वह पुद्गल[20] है। पुद्गल द्रव्य का स्वरूप बताने के पश्चात् उमास्वामी[21] ने पुद्गल की पर्यायें–छाया, आतप और उद्योत–बताई हैं। द्रव्यसंग्रह[22] में भी इन्हें पुद्गल की पर्याय बताया गया है।

पुद्गल के दो भेद हैं–**अणवः स्कन्धाश्च**[23] –अणु और स्कन्ध।

अणु–पुद्गल का वह अविभाजित अंग, जिसके दो भाग न किये जा सकें, वह अणु है।

स्कन्ध–दो या दो से अधिक परमाणुओं के बन्ध को स्कन्ध कहते हैं।

पुद्गल द्रव्य के उपकार

शरीर, मन, वचन और प्राणापान यह पुद्गलों का उपकार है।[24] **सुख-दुःख जीवितमरणोपग्रहाश्च**[25] अर्थात् सुख-दुःख और जीवन-मरण–यह भी पुद्गलों के उपकार हैं। ये सुखादि जीव के पुद्गलकृत उपकार हैं, क्योंकि मूर्त्त कारणों के रहने पर ही इनकी उत्पत्ति होती है।[26]

पुद्गल को जानने से लाभ

पुद्गल को जानने से यह लाभ है कि जो भी वस्तु है, पदार्थ है वह किसी के द्वारा निर्मित नहीं अपितु स्पर्श, रस, गन्ध, वर्णमय है और प्रत्येक पदार्थ में स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण पाया जाता है। चाहे हमें एक ही लक्षण क्यों न दिखाई दे परन्तु उस पदार्थ में पुद्गल के समस्त लक्षण घटित होंगे एवं जगत् में जो भी पदार्थ

अथवा वस्तु हमें आखों से दिखाई दे रही है वह सभी पुद्गल द्रव्य की पर्यायें हैं।

धर्मद्रव्य

उत्तराध्ययन[27] में धर्म द्रव्य का लक्षण गति-क्रिया सहायक बताया गया है। पंचास्तिकाय में कुन्दकुन्द स्वामी[28] धर्मद्रव्य को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि धर्मास्तिकाय अमूर्त्त है, इसमें स्पर्श आदि पौद्गलिक गुण नहीं है, वह सम्पूर्ण लोक में व्याप्त है, असंख्य प्रदेशी है, गतिशील जीव और पुद्गलों की गति में वह सहायक है, जैसे–गमन करती हुई मछली का सहायक पानी है। द्रव्यसंग्रह में भी कहा है कि–

गइपरियाण धम्मो पुग्गल जीवाण गमणसहयारी।
तोयं जह मच्छाणं अच्छंता णेव सो णेई।[29]

कार्यकारणवाद के अनुसार प्रत्येक कार्य के लिए दो प्रकार के कारण आवश्यक हैं–उपादान और निमित्त। उपादान कारण वह है, जो स्वयं कार्यरूप में परिणत होता है, निमित्त कारण वह है जो कार्य के निष्पन्न होने में सहायक हो। यदि किसी पदार्थ की गति होती है तो उसमें उपादान कारण तो वह पदार्थ स्वयं है, किन्तु निमित्त कारण क्या है? इस प्रश्न का समाधान करने के लिए हमें कोई ऐसे पदार्थ की आवश्यकता होती है, जिसकी सहायता पदार्थ की गति में अनिवार्य हो। यदि हवा आदि को निमित्त कारण माना जाये तो यहाँ एक नया प्रश्न उठता है कि हवा आदि की गति में कौन निमित्त कारण है? यदि इसी प्रकार अन्य द्रव्य को निमित्त कारण माना जाये तो कारणों की परम्परा अनवरत रूप से चलती रहेगी और अनवस्था दोष का प्रसंग आ जाएगा। इसलिए ऐसे पदार्थ की आवश्यकता है जो स्वयं गतिमान न हो। यदि पृथ्वी, जल आदि स्थिर द्रव्यों को निमित्त कारण के रूप में माना जाए तो भी युक्तिसंगत नहीं, क्योंकि वे पदार्थ समस्त लोकव्यापी नहीं हैं। यह आवश्यक है कि गति-माध्यम के रूप में जिस पदार्थ को माना जाता है, वह सर्वव्यापी हो, इस प्रकार किसी एक द्रव्य की कल्पना करनी पड़ती है, जो–

1. स्वयं गतिशून्य हो,
2. समस्त लोक में व्याप्त हो,
3. दूसरे पदार्थों की गति में सहायक हो।

ऐसा द्रव्य धर्मद्रव्य है, जो स्वयं गतिशून्य है, समस्त लोक में व्याप्त है और दूसरे पदार्थों की गति में सहायता करता है।

अधर्म द्रव्य

अधर्म द्रव्य का स्वरूप भी धर्म द्रव्य जैसा ही है। मात्र उसके विशेष गुणों में अन्तर पड़ता है। धर्म-द्रव्य जैसे जीव और पुद्गल की गति में सहायक है, वैसे ही अधर्मद्रव्य जीव और पुद्गल की स्थिति में उदासीन रूप से सहायक होता है। आचार्य कुन्दकुन्द ने पंचास्तिकाय में कहा है कि–

जह हवदि धम्मदव्वं तहं तं जाणेह दव्वमधमक्खं।
ठिदिकिरिया जुत्ताणं कारणभूदं तु पुढवीव॥[30]

उमास्वामी[31] एवं नेमिचन्द्राचार्य[32] ने भी इसी प्रकार अधर्म द्रव्य का लक्षण किया है।

धर्म और अधर्म द्रव्य की आवश्यकता

पंचास्तिकाय में कुन्दकुन्द स्वामी कहते हैं कि जिस प्रकार गति-स्थिति के निमित्त के रूप में धर्म और अधर्म द्रव्यों की आवश्यकता है, उसी प्रकार लोक-अलोक का विभाजन उन दो द्रव्यों के सद्भाव से होता है।[33] इसी की टीका में अमृतचन्द्राचार्य[34] कहते हैं कि लोक सीमित है और उससे आगे अलोकाकाश असीमित है, इसलिए पदार्थों की और प्राणियों की व्यवस्थित रूपरेखा को बनाए रखने के लिए आकाश के अतिरिक्त कोई अन्य तत्त्व होना चाहिए। यदि गति और अगति का माध्यम आकाश को ही मानें तो फिर अलोकाकाश का अस्तित्व ही नहीं रहेगा और लोक-व्यवस्था का भी लोप हो जाएगा। इसी के आगे पंचास्तिकाय की 94वीं गाथा की टीका में कहा है कि आकाश गति स्थिति का हेतु नहीं है।[35] अतः सम्पूर्ण स्थिति पर विचार करें तो षट्द्रव्य में से यदि पुद्गल स्वयं गतिशील है तो कालद्रव्य जो निश्चयकाल है, वह तो जीव-अजीव की पर्याय मात्र है और लोकाकाश-अलोकाकाश में विद्यमान है एवं व्यवहारकाल तो सीमित है। अतः कालद्रव्य भी गति-स्थिति में सहायक नहीं है।

आकाश द्रव्य तो स्वयं विभाज्य है एवं उसमें अवगाहनत्व की क्षमता है। अतः यह भी गति स्थिति में सहायक नहीं है। अतः धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय–ये दोनों ही गति और स्थिति की दृष्टि से द्रव्य का विभाजन करते हैं। जहाँ-जहाँ ये दोनों द्रव्य विद्यमान हैं, वहाँ-वहाँ जीव और पुद्गल गति करते हैं और स्थिर रहते हैं। जहाँ इनका अस्तित्व नहीं है, वहाँ कोई भी द्रव्य गति-स्थिति नहीं करता है। इसलिए कहा गया है कि धर्म-अधर्म द्रव्य को लोक तथा अलोक का परिच्छेदक मानना युक्तियुक्त है, इसीलिए इन्हें विभक्त-अविभक्त और लोकप्रमाण कहा गया है।[36]

धर्म और अधर्म द्रव्य को जानने से लाभ

गौतम ने पूछा–भगवान्! गति सहायक तत्त्व धर्मास्तिकाय से जीवों को क्या लाभ होता है? भगवान् ने कहा–गौतम! यदि गति का सहारा नहीं होता तो कौन आता और कौन जाता? शब्द की तरंगें कैसे फैलतीं? आँखें कैसी खुलतीं? कौन मनन करता? कौन बोलता? कौन हिलता-डुलता? यह विश्व अचल ही होता। जो चल हैं उन सबका आलम्बन गति सहायक तत्त्व ही है।[37]

गौतम ने भगवान् से पूछा–स्थिति सहायक तत्त्व अधर्मास्तिकाय से जीवों को क्या लाभ होता है?

भगवान् ने कहा कि गौतम! स्थिति का सहारा नहीं होता तो खड़ा कौन रहता? कौन बैठता? कौन मन को एकाग्र करता? मौन कौन रहता? कौन निष्पन्दन में रहता? यह विश्व चलायमान ही होता। जो स्थिर है उन सबका आलम्बन स्थिति सहायक तत्त्व अधर्मास्तिकाय ही है।[38]

आकाशद्रव्य

जैनदर्शन में आकाश को आकाशास्तिकाय भी कहा जाता है। विश्वसंरचना के घटक द्रव्यों के सन्दर्भ में आकाश का महत्त्वपूर्ण स्थान है। आकाश द्रव्य का अस्तित्व अधिकांश दर्शन और विज्ञान निर्विवाद रूप से स्वीकार करते हैं। यद्यपि उसके स्वरूप के सम्बन्ध में परस्पर मतभेद हैं पर अस्तित्व के सम्बन्ध में सब एकमत हैं। आकाश का लक्षण अवगाहनत्व है। भगवान् महावीर ने कहा है कि जो सब द्रव्यों को युगपत अवकाश देता है, एवं सर्वद्रव्यों का आलम्बन है वह आकाश है।[39]

